तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 17 अक्टूबर, 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



08 वेतन नहीं मिलने से गुस्साए टाउनशिप के सफाई कामगार चार दिन से धरने पर बैठे




### दुर्ग जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत तीन जिले के किसान काट रहे चक्कर

# गांव, खसरा नंबर और किसान के नाम ही एग्रोटेक पोर्टल से गायब, 20 हजार से ज्यादा किसानों का रजिस्ट्रेशन अटका

देवीलाल साहू ▶▶भिलाई

कहीं गांव , खसरा नंबर और किसान के नाम गायब हैं। कोई किसान पिता का देहांत हो गया है तो फौवती उठाने के बाद भी उनके चार बेटों के नाम की जगह अब भी पिता का नाम है। किसी ने अपनी गाढ़ी कमाई से एक-दो एकड़ खेत बना ली लेकिन उनकी जगह बेचने वाले का नाम है। कोई नाबालिग है तो उसका नाम ही नहीं चढ़ पाया है। यह हाल है केंद्र सरकार द्वारा इस साल शुरू किया गया एग्रोटेक पोर्टल का। जो किसानों के लिए सिरदर्द साबित हो गया है। दुर्ग जिला सहकारी बैंक के अंतर्गत 20 हजार किसान ऐसे हैं जिनका एग्रोटेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है। दुर्ग, बालोद व बेमेतरा जिले के किसान समितियों और विभाग द्वारा निर्धारित सेवा केंद्रों का रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए चक्कर काटने मजबूर हैं। 30 अक्टूबर तक ही पोर्टल में रजिस्ट्रेशन की तिथि तय की गई है।



## इन मामलों से समझिए किसानों की दिक्कतें

**केस वन :** ग्राम रवेलीडीह निवासी रेखा धनकर पति श्रवण कुमार एग्रोटेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन के लिए चक्कर काट रही हैं। वे बताती हैं कि ग्राम रवेलीडीह में खसरा नंबर 202/2 का किसान एग्रोटेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा है। जबकि इस महिला कृषक का एक खसरा नंबर 757 और 1080 माहुद अ तहसील अर्जुंदा जिला बालोद में खेती है और इसका एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन हो गया है।

**केस दो :** ग्राम ननकट्ठी के अंतर्गत रेवलीडीह कि किसान अबाब खान और ईदन बी का एग्रोटेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। दोनों पति-पत्नी हैं और अलग-अलग नाम से इनकी खेती जमीन है। ईदन बी की खसरा नंबर 38,43 और 39/1 का इस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया है। अबाब खान का खसरा नंबर 421/2 व 998/1 ननकट्ठी का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है।

**केस तीन :** पाटन तहसील के अंतर्गत पंदर गांव के नए किसान संदीप साहू का एग्रोटेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। पटवारी हल्का नंबर 32 व जमीन खसरा नंबर 920 व 924 का रजिस्ट्रेशन के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वे बताते हैं कि नए किसान हैं। सप्ताहभर से समिति का चक्कर काट रहे हैं। पंदर समिति वाले ने यह धान बेचने के लिए भी नया पंजीयन नहीं किया।

**नोट-** ये उदाहरण मात्र हैं। हजारों किसान इस तरह की समस्या से जूझ रहे हैं।

## समितियों में नहीं कर रहें हैं धान खरीदी का पंजीयन

किसान एग्रोटेक पोर्टल केंद्र सरकार का है। राज्य सरकार का धान खरीदी वाला भूईयां पोर्टल अलग है। हाल यह है कि समितियों में किसानों को समिति वाले यह कहकर लौटा रहे हैं कि जब तक एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन नहीं होगा तब तक धान खरीदी करने के लिए पंजीयन नहीं करेंगे। पाटन ब्लॉक की समितियों में किसानों को इस तरह गुमराह किया जा रहा है। वहीं बालोद जिले में किसानों का एग्रोटेक पंजीयन नहीं होने के बाद भी समितियों में धान खरीदी के लिए पंजीयन किए जा रहे हैं। दोनों की जिले दुर्ग जिला सहकारी केंद्रीय बैक मर्यादित के अंतर्गत आते हैं। समिति प्रबंधक किसानों के साथ दोहरा मापदंड अपना रहे हैं।

## जानिए एग्रोटेक पोर्टल में आ रही समस्या

**पहला:** जिन किसानों के परिवार में मुखिया के देहांत के बाद खाते अलग-अलग हुए हैं उनका नाम एग्रोटेक पोर्टल में अपडेट नहीं हुआ है। यानी पुराने खातेदार यानी मुखिया का नाम पोर्टल में शो हो रहा है।

**दूसरा:** जिन किसानों ने इस साल नई कृषि जमीन खरीदी है। जमीन की ऋण पुस्तिका भी खरीदी करने वाले किसान के नाम है। लेकिन एग्रोटेक पोर्टल में पुराने किसान का नाम ही दर्ज है। इससे नए किसान का पंजीयन नहीं हो पा रहा।

**तीसरा:** पुराने किसानों को इस बार एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन करवाना है। वे जब पोर्टल में पंजीयन के लिए जाते हैं तो उसमें उनका नाम ही गायब है। यानी न जमीन शो हो रहा है और न ही उनका नाम व गांव न खसरा नंबर।

## पटवारी कह रहे नायब तहसीलदार के पास जाओ

प्रभावित किसानों ने बताया कि एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन को लेकर कृषि विभाग जाते हैं तो वे कहते हैं पटवारी के पास जाओ। पटवारी कहता है कि नायब तहसीलदार के पास आवेदन लगाओ। नायब तहसीलदार कहते हैं कि धान खरीदी में दिक्कत नहीं है समिति में पंजीयन करवा लो। समिति इसका भी पंजीयन नहीं कर रही। हजारों किसानों का आवेदन नायब तहसीलदारों के समक्ष किसानों ने की है।

## तकनीकी दिक्कत दूर कर लेंगे

एग्रोटेक पोर्टल में दुर्ग जिले के 95 प्रतिशत किसानों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण हो गया है। शेष 5 प्रतिशत किसानों की दिक्कतें आ रही है। इसे 30 अक्टूबर के पहले तक दूर कर लेंगे। राज्य स्तर पर काम चल रहा है।

- **अभिषेक अग्रवाल,** एडीएम व नोडल अधिकारी धान खरीदी

# कान में ईयर फोन लगाकर ट्रैक में चल रहा युवक ट्रेन से कटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

रेलवे ट्रैक पर कान में ईयर फोन लगाकर गाना सुन रहा युवक ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। घटना 16 अक्टूबर की सुबह की है। मिली जानकारी के मुताबिक विद्युत नगर जोगी नगर निवासी विष्णु 22 वर्ष का युवक ठगड़ा बांध रेलवे क्रॉसिंग के पास से कान में ईयर फोन लगाकर गुजर रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रेन आई युवक को कान में ईयर फोन लगाने से आवाज सुनाई नहीं दिया। जिससे हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक घर से मजदूरी काम करने के लिए निकला था। ट्रेन की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर लगने के बाद युवक 50 मीटर तक घसीटता चला गया। युवक का शव कई हिस्सों में रेलवे लाइन पर बिखरा पड़ा मिला। घटना बालोद-दुर्ग रेलमार्ग पर 869 खंभे के पास की है। ट्रेन अंतागढ़ से रायपुर जा रही थी। घटनास्थल से हादसे के बाद युवक का टिफिन और मोबाइल चार्जर केबल रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। घटना को देख स्थानीय लोगों ने तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक विष्णु अपने माता-पिता के तीन बेटों में सबसे छोटा था। पूरा परिवार मजदूरी करके जीवन यापन करता है। मौत की खबर लगते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खबर संक्षेप

### कार से ट्रैफिक आरक्षक को उड़ाने की कोशिश

**भिलाई।** सिरसा गेट पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक आरक्षक पर कार चढ़ाने की कोशिश हुई। तेज रफ्तार कार को आरक्षक ने रुकवाने की कोशिश की, इस पर चालक ने गाड़ी बढ़ा दी। कोई अनहोनी नहीं हुई, मामले में पुलिस ने कार सीजी 04 क्यूके 5678 के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपी रायपुर निवासी नीरज वर्मा उम्र 27 वर्ष और ऋषभ वर्मा बताए गए हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने 25 नग ग्लेनकप सिरप भी जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नीरज वर्मा व उसे चचेरे भाई ऋषभ वर्मा के पास से दवा बिक्री के लिए 25 नग ग्लेनकॅफ सीरप प्राप्त हुआ। साथ ही चरोदा रेल विहार से बाबा नाम के व्यक्ति से नशीली दवाई 25 नग मिला।

# युवकों की दबंगई को लेकर भिलाई तीन थाने में प्रदर्शन, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नशे की हालत में चार युवको ने बसती के लोगों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। आक्रोशित लोगों ने दबंगई करने वाले युवकों को दौड़ाया। लोगों का आक्रोश देख चारों युवक भिलाई तीन थाने में शरण ली। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि चरोदा बस्ती में भवानी शंकर तिवारी, कालू ठाकुर, नानू तिवारी, दुर्गेश यदु नामक युवकों द्वारा नशे की हालत में दबंगई कर रहे थे। उक्त युवको ने बस्ती के हेमराज साहू नामक युवक पर हमला कर दिया। जिसे पांच टांका लगा हुआ है। आरोपी युवकों द्वारा



बिना कारण के चरोदा बस्ती में घुसकर विवाद कर दबंगई करने लगे। जिसे देख बस्ती के लोगों ने चारों युवकों को दौड़ाया तो चारों भिलाई तीन थाने में शरण ली। बस्ती के लोगों ने युवको के खिलाफ बुधवार रात 12 बजे थाने का घेराव कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। तब माहौल शांत हो पाया है। थाने में डेढ़ सौ से अधिक बस्ती के लोग पहुंचे थे। पुलिस ने चारों आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## इसलिए रात को हुआ बवाल

पुलिस ने बताया कि 15 अक्टूबर की रात पानी टंकी नारायणी भवन में हेमराज साहू अपने दोस्त पवन निषाद, हर्ष वर्धन पटेल, द्वानेश्वर पटेल,राजेन्द्र नाथ जोगी के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था। राजेन्द्र जोगी घर जाने के लिए पहले निकला उसके पीछे पीड़ित भी भवन से बाहर निकला। तब राजेन्द्र जोगी भवानी शंकर तिवारी के सामने खडा था। भवानी शंकर तिवारी जोगी को वसूली का डिमांड करने लगा। अचानक भवानी शंकर पीड़ित के साथ मारपीट कर गाली गलौज करने लगा। इसके बाद कालु ठाकुर पीछे से आया और सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद नानु तिवारी,द्वुर्गेश कुमार यदू भी हाथ, मुक्का लात से हमला कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे युवकों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट किया।

# सड़क पर आधी रात बर्थ डे का जश्न, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

आधी रात सड़क को घेर कर बर्थ डे का जश्न मनाया जा रहा था। शिकायत पर पुलिस ने सुबह ही चार युवकों को गिरफ्तार किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर वार्ड-16 सुपेला निवासी अखिलेश चौहान की शिकायत पर पुलिस ने कार फार्चुनर सीजी 12 एक्यू 3600 को संग्राम चौक कैम्प 1 में खड़ी कर सड़क को बाधित किया गया था। इस दौरान पुलिस ने आरोपी शुभम यादव, नीरज नेपाली, सत्यम यादव ,जितेश यादव, रवि यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी नीरज नेपाली पर महादेव सट्टा, आरोप है कि शुभम यादव पर अनाचार, प्राणघातक हमला और सत्यम यादव पर भी मारपीट जैसे कई अपराध थानों में दर्ज है। उक्त आरोपियों द्वारा सड़क जाम कर जश्न मना रहे थे। इस दौरान पीड़ित पावर हाउस भिलाई जा रहा था। आरोपियों के जश्न के चलते काफी देर तक सड़क पर रुका रहा लेकिन इनके द्वारा लोगों को आने जाने में दिक्कत खड़ा कर लोगों से दबंगई दिखा रहे थे। सूचना पर वैशाली नगर पुलिस ने चारों आरोपियों को ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया है।

# कबाड़ियों पर शिकंजा, लाखों का कबाड़ जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

लंबे समय से कबाड़ का अवैध कारोबार करने वाले कबाड़ियों पर पुलिस ने शिकंजा कसने का प्रयास किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि जामुल क्षेत्र के नेपाली मोहल्ला शंकर नगर छावनी में स्थित सुरेश कबाडी की दुकान में दबिश देकर लोहे का एंगल, लोहे का छड़, स्क्रेप 1080 किलो जब्त किया है। जिसकी कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। गोकुल नगर कुरूद जामुल में बेखौफ चल रहे कबाड के कारोबारी ललित कबाड़ी के यहां से लोहे का प्लेट, लोहे का एंगल, दो वाहनों का इंजन व वाहनों के पार्ट्स, एटीएम मशीन जब्त किया। जो 2 लाख 50 हजार रुपए का है। सुपेला से दक्षिण गंगोत्री में मोहम्मद इमरान उर्फ सितारे कबाड़ी दुकान से 502 किलो ग्राम चोरी का लोहे जब्त किया गया। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है। ग्राम रिंगनी पुरानी भिलाई क्षेत्र के रिंगरी ग्राम में ललित कबाड़ी का बेटा प्रेम कुमार साहू द्वारा संचालित कबाड दुकान में भी दबिश दिया गया। जहां से पुलिस ने ट्रकों के पाट्र्स व रेलवे की संपत्ति 2 लाख रुपए का जब्त किया गया। आरोपी प्रेम कुमार साहू रेलवे की संपत्ति मिलने पर जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। उक्त कार्रवाई भिलाई तीन, सुपेला, एसीसीयू की टीम ने किया है। पुलिस की दबिश में कबाड़ से 502 किलो ग्राम लोहा का सामान, इलेक्ट्रॉनिक तराजू,लोहे का एंगल, स्क्रेप, छड़, ट्रक का इंजन केबिन बॉक्स समेत 1109 गाडी का इंजन, डीजल टंकी, सायलेंसर, ट्रक का एक्सल, हाई बिम्ब, साफ्ट व गाड़ियों के अन्य पार्टस समेत रेलवे की सम्पत्ति मिला है।



## पुलिस शिकंजे के बाद भी ललित बेखौफ

पुलिस के शिकंजे के बाद भी जिले का बड़ा कबाड़ी ललित का अवैध कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस ने कार्रवाई किया है लेकिन कुछ दिनों बाद भी अपने कबाडी का कारोबार शुरु हो जाएगा। यह नया नहीं बल्कि सालों से अपना कारोबार फैला रखा है। पुलिस भी इस पर स्थायी रुप से बंद नहीं करा पाती है। ललित कबाडी के पूर्व में दबिश के दौरान की दो पहिया के पार्टस भी मिल चुके है। बावजूद कुछ पुलिस वालों के मेहरबानी के कारण अर्से से जिले में कबाडी का कारोबार करते आ रहा है।



## खबर संक्षेप

### निधन

**सुरेन्दर सिंह वर्मा**



**भिलाई।** वार्ड 19 रामनगर निवासी सुरेन्दर सिंह वर्मा 50 वर्ष का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 अक्टूबर को उनके निवास स्थान से सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विनीता वर्मा के पति, अमनदीप और स्नेहा के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

**वंदना सिंह**



**भिलाई।** ब्लॉक 48ए प्लॉट-3 नेहरू नगर पश्चिम निवासी वंदना सिंह उम्र 63 वर्ष निधन 16 अक्टूबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 अक्टूबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सत्येन्द्र सिंह सेवानिवृत्त भूतपूर्व मुख्य अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई तीन की पत्नी एवं अंकिता सिंह, निकिता सिंह, वादिता सिंह की मां थीं।

**विशंभर पाण्डे**



**भिलाई।** सेक्टर 6, सड़क एवेन्यू ए, ब्लॉक 10बी निवासी, पूर्व सरपंच अमलीडीह पाटन एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य विशंभर पाण्डे का निधन 16 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे वरिष्ठ भाजपा नेता रजनीकांत पाण्डे, संध्या तिवारी के पिता एवं अजय तिवारी के ससुर थे।

**टी. थंगम**



**भिलाई।** सड़क 12 क्वा 13/ए सेक्टर 7 निवासी टी. थंगम 79 वर्ष का निधन 15 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 अक्टूबर को रामनगर मुक्तिधाम में दोपहर 1 बजे किया जायेगा। वे स्व. के. थंगमणी मर्चेन्ट मिल के पति एवं टी. हरिदास रेल मिल की मां थीं।

# सांसद और विधायकों की सिफारिशें नहीं चलेंगी, नए फार्मूले से चुने जाएंगे अध्यक्ष, 6-6 का पैनल किया तैयार, ग्रामीण से सिंगल नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कांग्रेस आलाकमान की तरफ से प्रदेश में करवाई जा रही जिलाध्यक्ष चयन की रायशुमारी रोचक मोड़ पर पहुंच गई है। एक तरफ पार्टी हाईकमान से दुर्ग भेजे गए पर्यवेक्षक अजय कुमार लल्लू ने 6-6 के पैनल फाइनल कर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

खबर है कि इन नामों को लेकर अंतिम दौर पर रायशुमारी चल रही है। बता दें कि पार्टी की नई गाइडलाइन के मुताबिक जिलाध्यक्ष चयन में सांसद, विधायक या किसी कद्दावर नेता की सिफारिश नहीं मानी जाएगी। ऐसे में प्रदेश के विधायकों, विधायक प्रत्याशियों, सांसदों की सिफारिशें और जुटाई की भीड़ बेमानी होगी।

इसकी चिंता जातीय आधार पर राजनीति वाले कई नेताओं को खल रही है। कई तो पूर्व विधायक, पूर्व महापौर, पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश संगठन के पदाधिकारी खुद जिला अध्यक्ष बनने की दौड़ में दावेदारों की दौड़ में हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के तय किए नए फॉर्मूले से जिलाध्यक्ष तय किए जाएंगे। किसी विधायक, सांसद की नहीं चलेगी। कांग्रेस को मजबूत बनाने के अभियान के तहत इस बार के पैनल से संगठन में जिलाध्यक्ष पॉवरफुल किए जाएंगे। मध्यप्रदेश में ये फॉर्मूला हिट होने के बाद इसे छत्तीसगढ़ में लागू किए जाने की तैयारी है। खबर है कि नवंबर के पहले हफ्ते तक नए जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

## 30 अक्टूबर तक नामों की घोषणा की तैयारी

### भेजे गए पैनल में इन नामों की चर्चा

दुर्ग जिले में तीन जिला संगठन कार्यरत हैं। इनमें भिलाई जिला संगठन से अरुण सिंह सिसोदिया का नाम प्रमुखता से सामने आया है। उनके अलावा मुकेश चंद्राकर, साकेत चंद्राकर, नीता लोधी, सुभद्रा सिंह, मोहम्मद शाहिद का नाम शामिल है। भिलाई से करीब 38 दावेदारों ने नाम आवेदन किया था। इसी प्रकार दुर्ग से पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल का नाम प्रमुखता से सामने आया है। उनके अलावा आरएन वर्मा, दीपक दुबे, अय्यूब खान, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली का भी नाम सामने आया है। दुर्ग ग्रामीण से सिंगल नाम राकेश ठाकुर

### निर्णय पार्टी हाईकमान को लेना है



संगठन में नए अध्यक्षों को लेकर रायशुमारी की जा चुकी है। हमारे केंद्रीय पर्यवेक्षक ने वनटूवन किया। ब्लॉक में जाकर फीडबैक लिया। वरिष्ठ नेताओं से बात की। इसके आधार पर 6-6 का पैनल बनाकर भेजा गया है। अंतिम निर्णय पार्टी हाईकमान को लेना है। संगठन सृजन के माध्यम से यह प्रक्रिया की जा रही है। संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह नया प्रारूप लाया गया है। **-अरुण सिंह सिसोदिया,** मेंबर एआईसीसी

## शिक्षकों की कमी, बदहाल सड़कों, पेयजल, बिजली की समस्याओं पर चर्चा

# कोकड़ी, मेड़सरा, गोता, परसदा, गिरहोरा में जलसंकट, बैठक में जवाब नहीं दे रहे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में लंबित निर्णयों पर नाराजगी




जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक का आयोजन गुरुवार को सभागार में किया गया। बैठक में सदस्यों ने एक बार फिर शिक्षकों की कमी, बदहाल सड़कों, पेयजल की समस्या, बिजली सप्लाई व्यवस्था का मुद्दा उठाया। जिला पंचायत सदस्य उषा सोनवानी ने कहा कि पिछली लगातार हो रही बैठकों में गोता, कोकड़ी, मेड़ेसरा, गिरहोला, परसदा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट का मुद्दा उठते आ रहा है। बावजूद इसके समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है। अफसरों भी सही जानकारी नहीं दे रहे हैं। इस पर पीएचई के अधिकारियों ने बताया कि जिले में बोर की सिर्फ एक मशीन है, इस वजह से हर जगह पर बोर खनन की प्रक्रिया में देरी हो रही है। शिक्षकों की कमी के मुद्दे में व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने का आश्वासन दिया गया। वहीं बिजली सप्लाई को लेकर शिकायतों के निराकरण की बात कही गई। श्रम विभाग के जिम्मेदार अधिकारी के बैठक में शामिल नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में विभागवार चर्चा हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सीईओ बजरंग दुबे, पवन शर्मा, आशा मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

### वाट्सएप ग्रुप पर भेजी गई सूचना, सदस्य ने किया बॉयकाट

सामान्य सभा की बैठक सूचना वाट्सएप ग्रुप पर दिए जाने पर जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू ने बैठक का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सदस्यों को लिखित में जानकारी देनी चाहिए। वाट्सएप ग्रुप में बैठक की जानकारी दी गई। इसके अलावा न कोई फोन किया गया, न ही अवगत कराया। इस वजह से वे बैठक में शामिल नहीं हुए। बैठक में देवेंद्र चंद्रवंशी भी नहीं पहुंचे। हालांकि उन्होंने स्वास्थ्यगत कारण बताया। सदस्यों ने कहा कि जानबूझकर वाट्सएप पर सूचना भेजी गई। जिला पंचायत के सदस्यों को अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वे 40 से 50 गांवों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### चंदखुरी स्कूल में जर्जर शौचालय, मेंटेनेंस के निर्देश, लचर बिजली व्यवस्था की शिकायत

बैठक में ग्राम पंचायत गिलोरा एवं ठेंगेभाठा में विद्यालय भवन निर्माण के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत हरदी में कक्षा 5वीं से 8वीं तक के लिए भवन निर्माण की आवश्यकता पर चर्चा हुई। चंदखुरी स्थित आत्मानंद विद्यालय का भवन एवं शौचालय जर्जर पाए जाने पर आवश्यक मरम्मत हेतु विभाग को निर्देशित किया गया। बीएलओ की ड्यूटी अन्य विभागों में लगाए जाने से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होनी की बात सदस्यों ने कही। इस पर शिक्षा विभाग को उचित दिशा-निर्देश देने को कहा गया। श्रम विभागीय शिविरों की जानकारी मुनादी व पोस्टर के माध्यम से जनसामान्य तक पहुंचाई जाने के निर्देश दिए गए। उद्यानिकी विभाग ने चर्चा के दौरान बताया कि प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख पौधों का उत्पादन किया जाता है, जिन्हें शिक्षा एवं पंचायत विभाग को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। मनरेगा के तहत स्व-सहायता समूहों को ट्री गार्ड निर्माण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### ट्रांसफार्मर बना हादसे की वजह, हटाने प्रस्ताव पारित

सदस्य आशा मिश्रा ने ग्राम कुथरेल एवं तिरगा में ट्रांसफार्मर हटाने की मांग की। तिरगा में पूर्व में दुर्घटना हो चुकी है, इस पर विभाग को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। गोता कोकड़ी (जनपद धमधा) में बोर खनन की मांग रखी गई। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने कहा कि ग्राम उदोगहन, पेण्डी, रानीतराई, सुरवा, चन्द्रखुरी, खाडा, कोडिया एवं गिरहोला में भी बोर खनन की व्यवस्था की जाए। लोक निर्माण विभाग की चर्चा में खुरसुल से मनघटा मोड़ पर बार-बार दुर्घटनाएं होने की जानकारी दी गई। सड़क सुधार के निर्देश दिए गए। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने बताया कि जामगांव एम में रेस्ट हाउस का लोकार्पण किया गया जिसमें प्रोटोकॉल का पालन नहीं हुआ, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# आत्मनिर्भर भारत एक मजबूत और विकसित भारत का सपना




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग/ पाटन

विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन पाटन के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हुआ। मुख्य वक्ता कुरुद विधायक अजय चंद्राकर रहे। अजय चंद्राकर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान से उत्प्रेरित होकर देश प्रत्येक क्षेत्र में विकास कर अपने पैरों पर खड़ा होगा। एक स्वावलंबी देश ही वैश्विक स्तर पर अपने सम्मान की रक्षा कर सकता है।

- पूर्व मंत्री और कुरुद विधायक अजय चंद्राकर पाटन सम्मेलन में हुए शामिल

भारत के आत्मसम्मान की भावना को साकार करने के लिए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरुआत की। कई वर्षों पूर्व विश्व की जीडीपी में भारत का योगदान 36 प्रतिशत था। चीन का योगदान 26%, पूरे यूरोप का 11% था। अमेरिका का कोई आता पता नहीं था। लेकिन जब भारत का योगदान 36% था, तो भारत को पढ़ने के लिए लोग आते थे। ना उस समय कोई कैंब्रिज नहीं था, ना कोई आक्सफोर्ड था, ना कोई हार्वर्ड था लेकिन फिर भी हमारा देश पिछड़ता चला गया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित देश बनाएंगे। 1977 में जार्ज फांडनवीस कोका-कोला को भगा दिया था।

उन्होंने कहा था कि हमारे देश नींबू शिकांजी, रूह अफजा, कैंपा कोला, छाछ लस्सी है वे लघु उत्पादकों बढ़ावा देना चाहते थे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि खेल महोत्सव में लोकसभा क्षेत्र से 498000 रजिस्ट्रेशन हुआ है, जो देश में नंबर वन है। आने वाले समय में सरदार 150 यूनिटी मार्च कार्यक्रम आया है। देश के लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार वल्लभभाई पटेल के उपदेशों को उनके कार्यों को जन-जन के बीच हमें लेकर चलना है। कार्यक्रम में जितेंद्र वर्मा, सुरेंद्र कौशिक, दयाराम साहू, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, हर्षा चंद्राकर, शैलेंद्री मंडावी, रानी बंछोर, कमलेश साहू, कमलेश चंद्राकर, धर्मेंद्र सिन्हा, ज्योति प्रकाश साहू सहित अन्य मौजूद थे।



## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में दीपावली के अवसर पर विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखाने में सुविधा होती है। अपने ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें एवं धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध है एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। वहीं हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है। आशा है बेहतरीन से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए आज ही ओम ज्वेलर्स जरूर पधारे।

# प्रिया ज्वेलर्स में पांच दिवसीय धमाका ऑफर




**भिलाई।** चूड़ी लाईन सुपेला भिलाई में संचालित प्रतिष्ठान प्रिया ज्वेलर्स में पांच दिवसीय धमाका ऑफर ग्राहकों के लिए दिया जा रहा है। यह ऑफर 15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक रहेगा। धमाका ऑफर के अंतर्गत गहनें की खरीदारी पर प्रत्येक दिन एक भाग्यशाली ग्राहक का एक बिल माफ किया जाएगा। लॉटरी सिस्टम द्वारा अधिकतम 11 हजार रुपए माफ किया जाएगा। प्रिया ज्वेलर्स के संचालक राजकुमार सोनी ने बताया कि हमारे यहां सोना चांदी संचय योजना भी चलाई जा रही है एक हजार, दो हजार, पांच हजार रुपए हर माह 11 माह तक जमा कर बारहवें माह के किस्त में छूट प्राप्त कर सोना चांदी प्राप्त कर सकते हैं। प्रिया ज्वेलर्स में 100 प्रतिशत शुद्ध चांदी के सिक्के एवं 100 प्रतिशत शुद्ध सोने के सिक्के उपलब्ध हैं। यहां हाल मार्क ज्वेलरी हमेशा उपलब्ध रहता है। प्रिया ज्वेलर्स के संबंधित प्रतिष्ठान सन्नी ज्वेलर्स नेहरू भवन रोड, सड़क नं 20 भावना ट्रेलर्स के बाजू में सुपेला भिलाई में संचालित है।


### साइंस कॉलेज के 5 विद्यार्थियों का माइनिंग इंस्पेक्टर में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग से अध्ययन किए हुये 5 विद्यार्थियों का चयन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित माइनिंग इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है, जबकि दो विद्यार्थियों का नाम प्रतीक्षा सूची में है। यह जानकारी देते हुए भूगर्भशास्त्र के विभागध्यक्ष डॉ. एस.डी. देशमुख ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में कु. प्रिया सिन्हा, संदीप कुमार, दीपेश कुमार ठाकुर, विकास सिंह राजपूत तथा पुकेश कुमार नाग शामिल है। इनके अलावा दो विद्यार्थी खेमराज नेवरा तथा सुशांत कुमार का नाम प्रतीक्षा सूची में है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने भूगर्भशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य विभागों के विद्यार्थियों के लिये भी यह एक उदाहरण है।

### स्कूल में डॉ. कलाम को जन्मदिन पर किया याद

**दुर्ग।** प्रधानपाठक एनएल साहू द्वारा कलाम के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित श्री कलाम के विचारों को बच्चों के साथ साझा किया। बन्दे मैम ने विज्ञान के क्षेत्र में कलाम के उत्कृष्ट कार्य बताए। देशमुख मैम ने कलाम के अनुशासन को विद्यार्थी जीवन में अपनाने प्रेरित किया। कहा कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में श्री बघेल ने कलाम के पांच बातें को अपने लक्ष्य और व्यक्तित्व से जोड़कर सीखने की प्रेरणा ले सकते हैं, चलचित्र प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को कलाम की आत्मकथा उनके जीवन से जुड़े प्रेरक घटनाओं को दिखाया गया।

# बिहार में फिर बनेगी एनडीए की सरकार : गजेन्द्र यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बिहार विधानसभा चुनाव में फिर एनडीए सरकार बनाने में सहभगिता देने केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव बिहार पहुंचकर नामांकन रैली और चुनाव प्रचार में जुटे हैं। उन्होंने कहा की बिहार की डबल इंजन की सरकार बनाने जनमानस में उत्साह है, घर घर कमल फूल खिलना सुनिश्चित है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ विशेष विमान से मंत्री गजेन्द्र यादव पटना पहुंचे और छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रभारी एवं बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन को बिहार चुनाव में बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर, उनके निवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं दीं और बिहार में एनडीए सरकार के गठन के लिए अग्रिम बधाई प्रेषित की। दोपहर बाद मंत्री गजेन्द्र यादव बिहार विधानसभा क्षेत्र छपरा में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आगामी नामांकन रैली एवं चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्त्ताओ से भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी घर घर पहुंचाकर भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने अपील किये। इसके पश्चात विभिन्न क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्त्ताओ के साथ बैठक लेकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटा रहे है। गजेन्द्र कहा की पूरा बिहार आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासपरक कार्य पर भरोसा जता रहा है। इस चुनाव एनडीए की विजय सुनिश्चित है।

# ग्रामीण विधायक ललित ने स्वदेशी निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने आम जनता से आग्रह किया है कि वे इस त्यौहार के सीजन में स्वदेशी निर्मित वस्तुओं का उपयोग करें और लोकल कारीगरों द्वारा निर्मित वस्तुओं को खरीदें। स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत बनाएं। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से न केवल हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि ग्रामीण अंचल के लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इससे गरीब परिवार भी दीपावली त्यौहार को अच्छे से मना सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए।

### स्वदेशी वस्तुओं को दें प्राथमिकता

विधायक ललित चंद्राकर ने प्रदेश वासियों से आग्रह किया है कि वे दीपावली त्यौहार के दौरान स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दें और लोकल कारीगरों द्वारा निर्मित वस्तुओं को खरीदें। इससे न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं को बचाया जा सकेगा, बल्कि हम अपने देश को भी मजबूत बना सकेंगे।

### निर्माण कार्य के लिए 6 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग।** जिले के विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के अंतर्गत एक कार्य के लिए 6 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत उक्त राशि की स्वीकृति दी है।


**जगजीवन आयुर्वेद**

धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.

पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660, 9399486858

**HEALTH TOWN**

**आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक**

Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

05



आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम, 4 साल पहले शुरू किया मोमबत्ती बनाना, अब 4 महीने में ही कमा रहे तीन लाख

**लाइव इवेंट**

## रीजन की आधिकारिक यात्रा के दौरान हुए अनेक सेवा कार्य



**भिलाई।** लायंस क्लब ऑफ़ दुर्ग सिटी के रीजन की आधिकारिक यात्रा का आयोजन किया गया, इस दौरान कई सेवा कार्य भी किये गए।

- सप्ताह भर चलने वाली सेवा गतिविधियों की दी जानकारी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन एम जे एफ़ राजकुमार शर्मा राजनांदगांव और विशिष्ट अतिथि जोन की सुमन पांडे उपस्थित थी। संस्था की अध्यक्ष आकांक्षा मिश्रा तिवारी ने सभा आरम्भ करने की घोषणा के साथ ही ध्वज वंदन का पाठ रौनक जमाल ने किया। सेवा सप्ताह संयोजक अमर सिंह गुप्ता ने पूरे सप्ताह भर चलने वाली सेवा गतिविधियों को क्रम से जानकारी देते हुए हर दिन के कार्यक्रम प्रभारियों और संस्था अध्यक्ष द्वारा सेवा सप्ताह संयोजक को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया। संस्था के स्थाई प्राकल्प मानवता शाला बोरसी के मुख्य सेवा ट्रस्टी एम जे ए बृजमोहन खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में शाला से संबंधित अपने विचार प्रस्तुत किए।इस अवसर पर सतीश सुराना, संजय अग्रवाल, महमूद अली हिरानी, सुनील अग्रवाल, धनश्री मोदक, डॉ राजू शारदा, डॉ अनुराग बख्शी, एस पी दुलाई सहित हर दिन के कार्यक्रम प्रभारियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इस अवसर पर बृजमोहन खंडेलवाल, हरमीत सिंह भाटिया, अमर सिंग गुप्ता, रौनक जमाल, विनोद परमार, सुनील अग्रवाल, सुमन पांडे, आकांक्षा मिश्रा, अनीता तिवारी, धनश्री मोदक, ज्ञानचंद पाटनी, डॉ राजू शारदा, रुपिंदर कौर, डॉ संतोष राय, अनिल अरोरा, शोभा शर्मा, प्रकाश सांखला, श्रुति तिवारी, भाग्यश्री मोदक सहित अन्य उपस्थित रहे।

**सिटी इवेंट**

## प्राणीशास्त्र के महत्वपूर्ण पहलुओं की दी जानकारी, विभाग में परिषद का हुआ गठन



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा परिषद का गठन एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। जिसके बाद डॉ. सोनिया बजाज विभागाध्यक्ष शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी ने प्राणीशास्त्र पर व्याख्यान दिया गया। जो छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक रहा।

विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. लता मेश्राम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा हर वर्ष विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया जाता है। जो स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पर आधारित होते है। पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार है प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा परिषद का गठन कर अध्यक्ष एम.एससी. तृतीय सेमेस्टर दुर्गा साहू और उपाध्यक्ष एम.एससी. तृतीय सेमेस्टर की नैनसी यादव को बनाया गया। सचिव लिलेश्वरी साहू एम.एससी. प्रथम सेमेस्टर, सहसचिव काजल एम.एससी. प्रथम सेमेस्टर को जिम्मेंदारी दी गई। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोहम्मद शोएब और आभार प्रीति चन्द्राकर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राणीशास्त्र विभाग की प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की छात्रायें काफी संख्या में उपस्थित थी।

● स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का हुआ समापन

# कुपोषण नियंत्रण में दुर्ग की उपलब्धि, पोषण ट्रैकर में प्रदेश में मिला पहला स्थान, रेडी-टू-ईट, सलाद सजाओं और व्यंजनों से सजाई थाली

**भिलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का समापन गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। कुपोषण नियंत्रण में दुर्ग को बड़ी उपलब्धि मिली है, पोषण ट्रैकर में प्रदेश को पहला स्थान दिया गया है। इस दौरान पोषण थाली, सलाद सजावट, रेडी-टू-ईट और छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई थी। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया साथ ही पांच महिलाओं का गोदभराई और पांच बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। पोषण माह में उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करने मेधावी बच्चों और कर्मियों का सम्मानित किया गया।17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चले इस पोषण अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के साथ की गई थी। ग्रोथ मॉनिटरिंग डेटा के अनुसार पोषण ट्रैकर एप में दुर्ग जिला प्रदेश में सबसे कम कुपोषण वाले जिलों में पहले स्थान पर रहा। पोषण माह के दौरान जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में थीम आधारित गतिविधियाँ प्रतिदिन आयोजित की गईं।

समापन अवसर पर पोषण थाली, सलाद सजावट, रेडी-टू-ईट और छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई थी। जिसका निरीक्षण दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने मेधावी छात्राओं, किशोरी बालिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पोषण माह में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समापन समारोह में उपस्थित महापौर अलका बाघमार द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने, पांच महिलाओं को पीएमएमवीवाय का चेक, छ.ग. महिला कोष का चेक, सक्षम योजना का चेक वितरण कर पांच महिलाओं का गोदभराई व पांच बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया।









### प्रदेश में पहले स्थान पर दुर्ग जिला

कलेक्टर श्री सिंह ने समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से की गई मॉनिटरिंग में दुर्ग जिला प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है। यह उपलब्धि आप सभी की मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कुपोषण की स्थिति में सुधार स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। पोषण ट्रैकर के माध्यम से बच्चों के वजन, लंबाई, और आंगनबाड़ी केंद्रों की उपस्थिति की जानकारी सीधे मिल रही है। कलेक्टर ने कहा कि वे डेटा में सिर्फ वास्तविक जानकारी ही दर्ज करें, ताकि बच्चों की वास्तविक स्थिति पता चल सके।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में गुणवत्ता से समझौता नहीं

कलेक्टर ने खाद्य गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। सभी सुपरवाइज़र और सीडीपीओ जब भी केंद्र का निरीक्षण कर स्वयं भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता की जांच करें। अगर केंद्रों में किसी प्रकार की संसाधन की कमी है, तो विभाग द्वारा उसकी पूर्ति की जाएगी, लेकिन खाने में गड़बड़ी जैसी शिकायतें बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुलें, कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहें और बच्चों के पोषण और देखभाल में कोई कमी न रहे, यही सुपोषण का सही मार्ग है।इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी आर.के. जाम्बुलकर, डब्लूडीसीडीपीओ अजय साहू सहित सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# गीतवितान कला केन्द्र को मिला रवीन्द्रनाथ टैगोर एक्सीलेंस अवार्ड, सर्टिफिकेट किया ग्रहण

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ भिलाई की प्रशिक्षण एवं रवीन्द्र संस्कृति पर कार्यरत संस्था गीत वितान कला केन्द्र स्कूल ऑफ परफार्मिंग आटर्स को शांति निकेतन बोलपुर पश्चिम बंगाल में रवीन्द्रनाथ टैगोर एक्सीलेंस अवार्ड 2025 मे सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा समिति के आठ सदस्य को सेवा शांति निकेतन उत्सव 2025 में कला एवं रवींद्र संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के रवीन्द्रनाथ टैगोर एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया । जिसे भारत सेवा संघ के प्रमुख महाराज स्वामी अदवैतानन्दजी, विश्व भारती विश्वविद्यालय बोलपुर शांति निकेतन क्रीड़ा अधिकारी तापोश सान्याल, ओडिशी नृत्य गुरु अपूर्व चक्रवर्ती के द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान सम्मान के रूप में प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह और गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की मूर्ति प्रदान की गआ। सम्मान समारोह के साथ गीत वितान कला केन्द्र के सदस्यों ने ग्रामीण निर्माण विभाग अध्यक्ष डॉ प्रशांत घोष विश्व भारती विश्वविद्यालय शांति निकेतन से मुलाकात की और कला भवन, संगीत भवन, उत्तरायण गृह, विश्व विद्यालय प्रांगण, शांति निकेतन क्षेत्र का भ्रमण किया। प्रतिवर्ष अनुसार यह आयोजन दक्षिण कोलकाता क्रीड़ा एवं संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित किया गया था।

- संस्था ने आठ सदस्य को सेवा व उल्लेखनीय कार्य के लिए किया सम्मानित





# भोजन की बर्बादी रोकने किया नुक्कड़ नाटक, बताया संतुलित आहार जरुरी

**भिलाई।** विद्यार्थियों को भोजन के महत्व, खाद्य सुरक्षा और भोजन की बर्बादी रोकने के प्रति जागरूक करने के लिए डी. ए. वी. इस्पात पब्लिक स्कूल नंदिनी माइंस में गुरुवार को विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर वाएक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

- नंदिनी माइंस में विश्व खाद्य दिवस पर विशेष सभा का आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र से हुई, जिसके बाद प्रतिज्ञा और आर्य समाज के सिद्धांतों का वाचन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भोजन से संबंधित प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने वर्ल्ड फूड डे विषय पर पावर पाइंट में प्रस्तुति दी। जिसमें पोषक तत्वों, संतुलित आहार और भूखमरी जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला गया।

इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें भोजन की बर्बादी बंद करो का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एक कविता का पाठ भी किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन छात्रा पूर्विका ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ने विद्यार्थियों से कहा कि "भोजन ईश्वर का प्रसाद है, हमें इसका सम्मान करना चाहिए।

जिस प्रकार हम अपने जीवन में मेहनत और अनुशासन अपनाते हैं, उसी प्रकार हमें भोजन का भी सदुपयोग करना चाहिए ताकि कोई व्यक्ति भूखा न रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित आहार ग्रहण करने, स्थानीय और मौसमी खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देने तथा भोजन की बर्बादी रोकने का संदेश दिया। सभा का समापन डी. ए. वी. गान और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। कार्यक्रम में वायु सदन के सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# इकरा का प्रतिभा सम्मान समारोह 20 को, बच्चें होंगे सम्मानित

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई की संस्था इकरा टीचर्स एसोसिएशन की ओर से होनहार बच्चों का सम्मान समारोह 20 अक्टूबर को जामा मस्जिद सेक्टर-6 के सा मु दा यि क भवन में सुबह 10 बजे से आयोजित है।

- 10वीं, 12वीं में मुस्लिम समुदायक के बच्चों का किया जाएगा हौसला अफजाई

एसोसिएशन की ओर से एयू खान ने बताया कि समारोह में मुस्लिम समुदाय के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में शानदार कामयाबी हासिल करने पर बच्चों की हौसला अफजाई के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर डॉ. इरफानुर्रहीम खान एस.पी. बालोद, मजहर अनीस-जीएम बीएसपी भिलाई, डॉ. आर. ए. सिद्दीकी नेत्र रोग विशेषज्ञ, क्यू. ए. खान रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर, समी अख्तर फारूकी-एजीएम बीएसपी, सादिया फारुकी-प्रिंसिपल, डीपीएस जूनियर,दुर्ग, ज़िल्लुर रहमान-सदर, दारुल क़ज़ा,भिलाई, डॉ. गज़ाला सिद्दीकी नेत्र रोग विशेषज्ञ, तनवीर अक़ील- क्रीड़ा अधिकारी, दुर्ग और आयशा रहमान-डीपीएस दुर्ग शरीक होंगे। यह आयोजन स्काई लाईन एसोसिएट की डायरेक्टर समीना फारूकी की सरपरस्ती, रौनक़ जमाल व मौलाना जमालुद्दीन की निज़ामत और आर्किटेक्ट फखरुद्दीन फारूकी की सदारत में होगा। आयोजन की तैयारियों में यास्मीन नाज, ए.यू. खान, शकील अहमद खान, शेख जाफर, सैयद जफर, शायना परवीन, गौसुल वरा खान, अजमेर खान, नसरीन नाज, शहनाज, शाहीन जहाँ, इश्तियाक अंसारी,अंजुम, हाजी अब्दुल हफीज और जाहिदा खान सहित तमाम लोग जुटे हैं।

सीएसवीटीयू राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न तकनीकी महाविद्यालयों ने लिया हिस्सा

**कार्नर न्यूज**

# राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दुर्ग जोन का दबदबा 22 पुरुष टीम और 9 महिला टीमों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू भिलाई के तत्वावधान में आयोजित एकीकृत राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत राज्यस्तरीय व्हॉलीबॉल स्पर्धा का आयोजन शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अंबिकापुर में हुआ। 13 से 15 अक्टूबर तक चली प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न तकनीकी महाविद्यालयों से 22 पुरुष टीम और 9 महिला टीमों ने भाग लिया और तकनीकी व फार्मेसी संस्थानों की टीमों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरूण अरोरा ने विजेता व प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ खेलकूद का समावेश युवाओं में टीम स्पिरिट, एकाग्रता और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। सीएसवीटीयू का यह प्रयास विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास का मंच प्रदान कर रहा है।आयोजन के नोडल संस्थान शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो आर जे पाण्डेय ने विजेता टीमों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि हमारे लिए सीएसवीटीयू ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी महाविद्यालय को सौंपी थी। इस आयोजन से विद्यार्थियों को खेल भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व के गुण विकसित करने का अवसर मिला। विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने विजेता, उपविजेता और प्रतिभागियों को बताया कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाते हैं। व्हॉलीबॉल जैसे टीम गेम से विद्यार्थियों में सहयोग और सामंजस्य की भावना मजबूत होती है।



### संस्थानों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में राज्यभर से आए तकनीकी व फार्मेसी संस्थानों की टीमें आपसी प्रतिस्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों के बाद महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दुर्ग व द्वितीय स्थान पर शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर रही। वहीं पुरूष वर्ग में प्रथम बीआईटी महाविद्यालय दुर्ग और द्वितीय स्थान पर आरसीपीएसआर रायपुर रही। विजेता टीमों को आयोजन समिति की ओर से प्राचार्य प्रोफे. आर जे पाण्डेय ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रतिनिधित्व के लिए विवि टीम का चयन किया गया है , जो आगामी अखिल भारतीय व पूर्वी क्षेत्र के अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में सीएसवीटीयू का नाम रोशन करेंगी।

### अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में लेंगे हिस्सा

विश्वविद्यालय टीम के लिए महिला वर्ग में मिताली ठाकुर उप्रउ शास. पॉली. महा. दुर्ग, सीमा मुचाकी जीईसी रायपुर, रितिका जांगड़े वीईसी अंबिकापुर, आरती सिंह उप्रउ शास. पॉली. महा. दुर्ग, इक्षा सिंह बीआईटी दुर्ग, तोषनी साहू बीआईटी दुर्ग। पुरूष वर्ग में सुमित राव एसएसआईपीएमटी रायपुर, केतन पांडेय आरसीपीएसआर रायपुर, अनशुमन प्रधान शास. पॉलीटेक्निक अंबिकापुर, यश सिंह बीआईटी दुर्ग, गौरव सिंह एलसीआईटी फार्मेसी बिलासपुर, राज देवांगन बीआईटी दुर्ग, दक्ष कुमार सीजीआईटी जगदलपुर, नितिन आनंद एसएसआईपीएमटी रायपुर, गौरव नायक आरसीईटी भिलाई, अमित राव एसएसआईपीएमटी रायपुर, दुष्यंत साहू बीआईटी दुर्ग, उमंग कुमार आरसीईटी भिलाई का चयन किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के खेल अधिकारी, प्रशिक्षक, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। समापन दिवस पर पूरे मैदान में उत्साह और खेल भावना का माहौल देखने को मिला।

## सिटी इवेंट

# पार्श्वतीर्थ नगपुरा में 18 को मंगलपूजा और हवन अनुष्ठान



**दुर्ग।** महाप्रभाविक अधिष्ठायक देव माणिभद्रवीर की मंगलपूजा और हवन अनुष्ठान का आयोजन 18 अक्टूबर को सुबह साढ़े 11 बजे से नगपुरा स्थित पार्श्वनाथ तीर्थ में होगा। तीर्थ में वर्ष में एक बार धनतेरस को माणिभद्र वीर की सर्वोषधि के साथ महाभिषेक एवं अष्टप्रकारी पूजा विधि विधान पूर्वक किया जाता है। इस वर्ष तीर्थ में चातुर्मास विराजित लब्धि विक्रम गुरु कृपाप्राप्त गच्छाधिपति तीर्थ प्रतिष्ठाचार्य आचार्य देवेश विजय राजयश सूरीश्वर मसा के आज्ञानुवर्तिनी साध्वीवर्या वाचंयमा की प्रशिष्या साध्वी लक्ष्ययशा, साध्वी लब्धियशाश्री, आज्ञायशा आदि ठाणा 3 की निश्रा में नागेश्वर तीर्थ चौमहला राजस्थान के विधीकारक गौरव जैन विधी विधान सम्पन्न करायेंगे।

■ अष्टप्रकारी पूजन से साथ होगा महाभिषेक

इस अनुष्ठान में तीर्थ अध्यक्ष गजराज मांगीलालजी पगारिया, सुनीतादेवी उगमचंद कटारिया, सुनीता देवी- मुकेश कोठारी, अतुल्य जैन, राजलक्ष्मी गोलछा, सुशीलाबाई शांतिलालजी बैद, तिलोकचंद राजेन्द्र कुमार गोलछा, विनित इंदरचंद लूनिया मौजूद रहेंगे। तीर्थ स्थापना के प्रारंभ से ही यह अनुष्ठान वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है। यहां प्रतिष्ठित माणिभद्र वीर हाजर हुजुर है। तीर्थ यात्री अपनी मनौती की कामना के साथ सुखडी.नैवेद्य, श्रीफल भेंट करते हैं। अनेकों प्रभाव एवं महिमा की अनुभूति तीर्थ यात्रीयों से सुनने मिलता है।

## सिटी लाइव

# उर्स पाक में तरही मुशायरे ने समां बांधा, शायरों ने सुनाए अपने कलाम



**भिलाई।** हजरत ख्वाजा जलालुद्दीन खिज्र रूमी अलैर्हिरहमा का उर्स पाक केलाबाड़ी दुर्ग में मनाया गया। सज्जादानशीन व सरपरस्त सूफी शफीउद्दीन सअदी पिया की कयादत में उर्स शरीफ में 7 अक्टूबर से रोज़ सुबह कुरआन ख्वानी की गई और सारे जहाँ से व हर मजहब मिल्लत के लिए दुआएं मांगी गई। उर्स पाक में मुल्क के अलग-अलग हिस्सों से आए शायरों के बीच 'तरही' मुशायरा रखा गया। जानकारी देते हुए सूफी युसूफ अली ने बताया कि तरही मुशायरा एक विशिष्ट प्रकार का मुशायरा होता है, जिसमें शायरों को एक पंक्ति दी जाती है, जिसे मिसरा कहा जाता है, और उन्हें उसी बहर (लय) और विषय पर अपनी ग़ज़लें कहनी होती हैं। दुर्ग में हुए तरही मुशायरे का मिसरा 'जिस तरफ चश्में मोहम्मद के इशारे हो गए' और 'मआरफत के है चमन ख्वाजा जलालुद्दीन हसन' दिया गया था। इस मिसरों पर सभी शायरों ने अपने अपने कलाम पढ़े। इस बज़्म की सदारत उस्ताद शायर अरशद जबलपुरी ने की और निजामत उस्ताद शायर सुखनवर हुसैन सुखनवर ने की। मुशायरे में मो, इजहार जबलपुरी, साजिद अली साजिद जबलपुरी, रामेश्वर शर्मा रायपुरी, इरफानुद्दीन इरफान धरसीवा, रायपुर मो, मजाहिर हुसैन मजाहिर, रायपुर, उस्ताद शायर अताउर्रहमान उत्तर प्रदेश, अकील बिजनौरी, रियाजुद्दीन मौदहा उत्तर प्रदेश, तरही मिसरे पर हाजी गफूर अशरफ,नवेद रज़ा दुर्गवी दुर्ग, अलोक नारंग दुर्ग, अनीस अहमद रज़ा दुर्ग, रियाज खान गौहर, डा, नौशाद अहमद सिद्दीक़ी और मोहम्मद ओवैस अहमद काजीपेट सहित तमाम शायरों ने अपने कलाम सुनाए।

# गर्म कपड़ों के दान का चलेगा महाअभियान अब पहुंचाए जाएंगे जरुरतमंदों तक



**भिलाई।** ट्विनसिटी में गर्म कपड़ों के दान का अभियान शुरू होने जा रहा है। वार्म हर्ट नाम दिया गया है। कपड़े एवं शीतकालीन आवश्यक वस्तुओं का दान अभियान दिया जा सकेगा। बी चिन्ना राव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य भिलाई, दुर्ग और रायपुर के जरूरतमंद बच्चों, बुजुर्गों और परिवारों की सहायता करना है। इस पहल के माध्यम से हम कपड़े, कंबल और अन्य शीतकालीन आवश्यक वस्तुएं एकत्र कर रहे हैं। साथ ही जो लोग आर्थिक रूप से योगदान देना चाहते हैं। वे भी इस नेक कार्य में सहयोग कर सकते हैं ताकि हम जरूरतमंदों तक नई वस्तुएं पहुंचा सकें। हमारी टीम आपके दरवाजे पर आकर दान की वस्तुएं एकत्र करेगी, ताकि आपको कोई असुविधा न हो। लक्ष्मीनिलयम फाउंडेशन को किए गए सभी दान आयकर अधिनियम की धारा 80जी और 12ए के अंतर्गत कर छूट के पात्र हैं। इसे लेकर संस्था द्वारा जल्द ही अलग-अलग जगहों पर काउंटर बनाए जाएंगे, जहां गर्म कपड़ों का दान किया जा सकेगा।

---

● बोरीगारका की महिलाओं ने शुरू किया खुद का व्यापार, जरुरतमंद महिलाओं को दे रहे रोजगार

# आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम, 4 साल पहले शुरू किया मोमबत्ती बनाना, अब 4 महीने में ही कमा रहे तीन लाख

**दुर्ग।** राष्ट्रीय आजीविका मिशन ने कई महिलाओं की किस्मत बदली है। दुर्ग जिले की महिलाएं मोमबत्ती बनाकर अच्छी कमाई कर रहीं हैं। महिलाओं को व्यवसाय से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई राष्ट्रीय आजीविका मिशन का असर देखने को मिल रहा है। इसके तहत मिशन से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। दुर्ग जिले के ग्राम बोरीगरका की सिद्धी स्वसहायता समूह की महिलाएं भी इस योजना का लाभ लेकर पिछले 5 वर्षों से मोमबत्ती बनाकर उसे बेचने का व्यवसाय कर रही हैं।

आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए यह एक बड़ा कदम है। महिलाओं के हाथों से बने कैंडल की डिमांड आसपास के जिलों में काफी डिमांड है। यहां महिलाएं बड़ी मात्रा में सांचों का इस्तेमाल करके डिजाइन की मोमबत्तियां तैयार करती हैं। उसे बेचती हैं। इसके लिए महिलाएं कच्चा माल स्थानीय बाजार से खरीदती हैं। समूह की महिलाओं की मानें तो इस व्यवसाय के लिए उन्हें शासन से सहयोग राशि प्राप्त हुई। इससे इन्होंने मोमबत्ती बनाने का व्यवसाय शुरू किया, जिसके बाद उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है. मोमबत्ती बनाने से आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।



### 5 सालों से बना रहीं मोमबत्तियां, बस्तर तक कर रही सप्लाई

महिलाएं पांच साल से मोमबत्तियां बना रहीं हैं। सिद्धी स्व सहायता समूह समूह की अध्यक्ष पुष्पा साहू ने बताया कि हमारे समूह द्वारा दिवाली में कैंडल बनाने का काम किया जाता है। समूह में 11 महिलाएं हैं। मोमबत्ती जगदलपुर, बस्तर, बिलासपुर समेत आसपास के जिलों में सप्लाई की जाती है। पिछले 5 वर्षों से समूह की महिलाएं बेहतर तरीके से दीवाली मना पा रही हैं। हम लोग मोमबत्ती बनाने का काम 2 महीने पहले ही शुरू कर देते हैं, ताकि आने वाले आर्डर को पूरा किया जा सकें। समूह में 5 साल पहले यानी 2019 में जुड़ा। कैंडल का काम शुरू किया था।

### 4 महीने में ही तीन लाख से ज्यादा की कमाई

मोमबत्ती की क्वालिटी बाजार से बेहतर है। बहुत सुंदर है। आसपास के जिले वाले गांव वाले ग्राम पंचायत सिद्धी स्व सहायता समूह समूह अच्छा कमाई हो रही है। सदस्य शशि बघेल, सचिव सरोज साहू भी कैंडल बनाने का काम करती हैं। सरोज साहू के मुताबिक दिवाली से 4 महीने पहले काम शुरू कर देते हैं.ताकि 3 लाख की कमाई हुई थी। कैंडल व्यवसाय से बनीं आत्मनिर्भर हम लोग कैंडल का सबसे पहले सांचा उपयोग करते हैं। धागा भी उपयोग करते हैं।

### महज 15 मिनट में तैयार हो जाती है मोमबत्ती

महिलाओं ने बताया कि सांचा को रायपुर से लेकर आए। इसी से मोमबत्ती बनती है। यह वैक्स होता है। मोमबत्ती पिघला के बनाते हैं। पिघलने के बाद सांचा में डालते हैं। 15 मिनट में मोमबत्ती तैयार हो जाता है। आसपास के गांव और दुर्ग भिलाई से भी ऑर्डर आता है। बोरीगरका सरपंच चुमन लाल यादव सरपंच ने बताया कि वो स्वयं भी इन महिलाओं से मोमबत्ती की खरीदी करती हैं। साथ ही उनके व्यवसाय में मदद भी करती हैं। मोमबत्ती के व्यवसाय से मुनाफा कमा कर आज यह महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी है।



## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया

# सिजोफ्रेनिया बीमारी व्यक्ति के व्यवहार में लाता है परिवर्तन, इसे समझना जरूरी



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी के वाणिज्य विभाग द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्र गतिविधियों पर आधारित था। बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्र श्रुति चतुर्वेदी सिजोफ्रेनिया नामक मानसिक बीमारी पर बहुत ही रोचक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि सिजोफ्रेनिया एक गंभीर मानसिक बीमारी है, जो व्यक्ति की सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करती है, जिससे वास्तविकता से अलगाव हो सकता है। इसके लक्षणों में मतिभ्रम, भ्रम, अव्यवस्थित भाषण और व्यवहार तथा भावनाओं की अभिव्यक्ति में कमी शामिल हैं। हालांकि इसका कोई इलाज नहीं है, लेकिन दवाओं और थेरेपी से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य छात्र–छात्रओं ने भी अपने विचार रखे, जिसका सारांश यही था कि हमें अपनी सोच को सदा सकारात्मक रखना है। यदि किसी को मानसिक रोग के लक्षण नजर आये तो सहानुभूति के साथ उन्हें उपचार करने की दिशा में प्रेरित करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना झा एवं डीन अकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने विद्यार्थियों को साधुवाद देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की एक सफल एवं यादगार प्रस्तुतिकरण था। हमारे विद्यार्थियों में बहुत प्रतिभाएं छिपी हुई है बस एक अवसर देकर उनकी प्रतिभाओं को निखारना ही हमारा उधेश्य है। इस कार्यक्रम में विभाग के सभी प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## दशहरा-दीपावली मिलन समारोह आयोजित

# पुलिस विभाग के रिटायर्ड अफसर लंबे समय बाद मिले, पुराने दिनों को किया याद



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन का दशहरा - दीपावली मिलन समारोह आयोजित हुआ। सेक्टर 7 सड़क 01 स्थित कार्यालय में एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीबीएस ठाकुर व संरक्षक आरपी शर्मा की उपस्थिति में सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को दशहरा - दीपावली पर्व की बधाई दी। ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी से मिलकर उनका हाल-चाल जानने का अवसर मिलता है। इससे भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। समाज में प्रेम और सौहार्द का महौल बने रहे। इसके लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। शर्मा ने कहा कि दशहरा- दीपावली का पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस पर्व को मनाते हुए हमें सदैव सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में बी. दवे, रविन्द्र उपाध्याय, पीसी श्रीवास्तव, नीलकंठ साहू, संतोष सिंह गौर, केपी चौधरी, श्रीकांत द्विवेदी, दिग्विजय सिंह परिहार, अजीत यादव, राकेश जोशी, जगदीश उईके, जीसी पति, महेश सिन्हा, विजय कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र तिवारी, लल्लन सिंह, चिंतामणि वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित थे।

**सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोशिएशन ने मनाया दीपावली और दशहरा उत्सव**

## गर्ल्स कॉलेज में आयोजित की गई प्रतियोगिता, साइंस कॉलेज दुर्ग की टीम तीसरे नंबर पर रही

कार्नर न्यूज

# सेक्टर स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में मनसा कॉलेज ने मारी बाजी, गुंडरदेही को 3-1 से हराया

**दुर्ग।** गर्ल्स कॉलेज के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित सेक्टर स्तरीय महिला टेवल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने किया। अध्यक्षता महाविद्यालय क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव एवं पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. रमेश त्रिपाठी क्रीड़ाधिकारी शासकीय खूबचंद बघेल भिलाई-3 थे। प्राचार्य ने कहा कि खेलों से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। जीतना जरूरी नहीं सहभागिता जरूरी है। अगर हम खेलों को अपने जीवन में अपनाते है तो हम मानसिक रूप से भी सबल रहते है। डॉ. रमेश त्रिपाठी पर्यवेक्षक ने अपने उद्याचेन में कहा कि खिलाड़ी का व्यक्तित्व सबसे अलग होता है, इसलिये खेल से जुड़े और अपने व्यक्तित्व को निखारें। इस प्रतियोगिता में कुल छः महाविद्यालय के 24 खिलाड़ी एवं सेन्ट थामस महाविद्यालय का एक खिलाड़ी चयन स्पर्धा के लिए पहुंचा। प्रमुख रूप से शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वीवाईटी विज्ञान महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय सेक्टर-09, शैल देवी महाविद्यालय अण्डा, शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही, मनसा महाविद्यालय कोहका की टीमों ने भाग लिया।



### मनसा कॉलेज ने गुंडरदेही की टीम को 3-1 से हराया

प्रतियोगिता में प्रथम सेमीफाइनल शासकीय महाविद्यालय गुण्डरदेही ने शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग को 3-2 से परास्त किया। द्वितीय सेमीफाइनल में मनसा महाविद्यालय भिलाई ने शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग को 3-0 से परास्त किया। फाइनल में मनसा महाविद्यालय भिलाई ने शासकीय महाविद्यालय गुण्डरदेही को 3-1 से परास्त कर विजेता रहा। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पी. हरीश एवं देवेन्द्र दास रहे। प्रतियोगिता के अन्त में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मनसा महाविद्यालय कोहका कुरूद को विजेता की ट्राफी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, पर्यवेक्षक डॉ. रमेश त्रिपाठी, डॉ. सुषमा यादव द्वारा प्रदान की गई।

### विजेता, उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

उपविजेता रही शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही एवं तृतीय स्थान शासकीय व्ही. वाई टी. विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग ने प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रमाण-पत्र एवं टीम को विजेता, उपविजेता ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमिता सहगल, क्रीड़ाधिकारी डॉ. नरेश दीवान, डॉ. यशवंत देशमुख, लक्ष्मणेन्द्र कुलदीप, अर्चना षडंगी, विरेन्द्र सिंह, कैलाश वर्मा, कन्नौजे, डॉ. मिलिन्द अमृतफले उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ॠतु दुबे, कीड़ाधिकारी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में तृप्ति खरे, दीपक ठाकुर, प्रियंका यारले, सृष्टि मन्ना, खुश्बू, विजय कुमार चन्द्रकार, विमल यादव का विशेष सहयोग रहा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेम्स बॉन्ड के पोस्टर्स से अमेजन ने की छेड़छाड़, फैंस हुए नाराज



हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से 'गन' यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं। इनमें 'डॉ। नो', 'गोल्डन आई' और 'अ व्यू टू अ किल' जैसी मशहूर फिल्मों के पोस्टर्स शामिल थे। लेकिन लोगों ने जल्दी ही नोटिस किया कि हर पोस्टर में बॉन्ड के हाथ से बंदूक या तो गायब थी या एडिट कर दी गई थी। उदाहरण के लिए 'डॉ। नो' और 'गोल्डन आई' के पोस्टर्स में बॉन्ड के हाथ से मशहूर वाल्थर पीपीके गन गायब कर दी गई थी, जबकि 'अ व्यू टू अ किल' में रोजर मूरे के हाथ को इस तरह लंबा दिखाया गया कि उसमें बंदूक नजर ही न आए। पोस्टर्स सामने आते ही इंटरनेट पर बॉन्ड फैंस भड़क उठे। लेखकों, पत्रकारों और एक्टर्स ने इसे अति-संवेदनशीलता का उदाहरण बताया। ब्रिटिश लेखक स्कॉट ने इसे संस्कृति पर हमला कहा। वहीं लेखक जॉन ए डग्लस ने एक्स पर लिखा- 'उन्होंने जेम्स बॉन्ड के सभी पोस्टरों से बंदूकें हटा दी हैं। अगर आपको अब भी लगता है कि अमेजन इस फ्रेंचाइज को संभाल सकता है, तो एक बार फिर सोचिए।'

दिलचस्प बात यह है कि यह विवाद उस समय भड़का जब 5 अक्टूबर को दुनियाभर में 'जेम्स बॉन्ड डे' मनाया जा रहा था। फैन्स का कहना है कि यह दिन बॉन्ड की विरासत का सम्मान करने का होता है, लेकिन अमेजन ने उनकी 'आइकॉनिक इमेज' से ही छेड़छाड़ कर दी। विवाद बढ़ने के बाद अमेजन ने तुरंत सभी पोस्टर्स हटाकर उनकी जगह फिल्मों के असली स्टिल्स लगा दिए। हालांकि कंपनी की ओर से इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### टॉलीवुड

## तेलुगु सिनेमा की पहली प्लेबैक सिंगर थी राव बालासरस्वती देवी



दक्षिण भारतीय सिनेमा के लिए दुखद खबर है। तेलुगु सिनेमा की पहली प्लेबैक सिंगर राव बालासरस्वती देवी का निधन हो गया है। 97 साल की उम्र उन्होंने अंतिम सांस ली। राव बालासरस्वती देवी का निधन 15 अक्टूबर को हैदराबाद स्थित उनके आवास पर हुआ। राव बालासरस्वती का जन्म 1928 में वेंकटगिरी, आंधप्रदेश में हुआ था। बचपन में ही उन्हें संगीत की शिक्षा दी गई। जब राव बालासरस्वती देवी छह साल की हुईं तो उन्होंने सोलो ग्रामोफोन के लिए अपनी आवाज दी। बतौर बाल कलाकार फिल्मों में अभिनय किया। साल 1936 में सी। पुल्लैया द्वारा निर्देशित 'सती अनसूया' और 'भक्त ध्रुव' फिल्मों में राव बालासरस्वती देवी ने गाना गाया। आगे चलकर उन्होंने कई तमिल फिल्मों में भी अभिनय किया। राव बालासरस्वती ने 1930 से 1960 के दशक तक तेलुगु और तमिल सिनेमा में अभिनय किया। वह तेलुगु सिनेमा की पहली प्लेबैक सिंगर भी मानी जाती हैं। उनके गीतों ने तेलुगु सिनेमा को समृद्ध किया। आज भी उनके गीतों को संगीत प्रेमी मग्न होकर सुनते हैं। जब राव बालासरस्वती के पति की मृत्यु हुई तो वह अपने बेटे के साथ सिकंदराबाद में रहने लगीं। अंतिम समय में वह अपने पोते के घर में रहती थीं।

### भोजपुरी

## अरविंद से काजल का 'प्रेम विवाह' देख चौंके लोग, फैन्स हुए बेचैन



भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी और अरविंद अकेला कल्लू की लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इस फोटो में दोनों शादीशुदा कपल के तौर पर नजर आ रहे हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री की पहुंच दिन पर दिन बढ़ती जा रहा है, साथ ही साथ एक्टर्स की पॉपुलैरिटी में भी इजाफा हो रहा है। हालांकि, इसी बीच एक्टर अरविंद अकेला कल्लू और काजल राघवानी की एक फोटो काफी वायरल हो रही है। दरअसल, इस फोटो में दोनों एक शादीशुदा कपल के तौर पर दिख रहे हैं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद लोगों के बीच अलग-अलग तरह की बातें हो रही हैं, लेकिन सच्चाई ये है कि ये उनकी अपकमिंग फिल्म की फोटो है। भोजपुरी स्टार अरविंद अकेला कल्लू और काजल राघवानी जल्द ही साथ में नजर आने वाले हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का टाइटल 'प्रेम विवाह' है। दोनों ही अपनी फिल्म को लेकर लोगों के बीच सुर्खियां बटोर रहे हैं। सोशल मीडिया अकाउंट पर एक्ट्रेस ने अरविंद अकेला के साथ तस्वीर शेयर की है, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'प्रेम विवाह' , लो जी शादी का खर्च बचाने में सफल रहे। आगे उन्होंने लिखा कि कमिंग सून विथ 'प्रेम विवाह' । वायरल हो रही तस्वीर में काजल नई नवेली दुल्हन की तरह लग रही हैं, जिसमें उन्होंने लाल रंग की साड़ी पहनी हुई है। वहीं अरविंद अकेला और काजल गले में जयमाला पहने भी दिख रहे हैं। फोटो के पोस्ट होने के बाद से लोगों के अलग-अलग रिएक्शन सामने आ रहे हैं। कई लोगों ने कमेंट करते हुए दोनों को शादी की बधाई भी दे दी है।



त्यौहारी मौसम

भारतीय उपमहाद्वीप में त्यौहारों की बाहुल्यता का असर फैशन पर भी पड़ता है। मौजूदा त्यौहारी सीजन में तरुण तहिलियानी, शांतनु-निखिल और राघवेंद्र राठौर के कलेक्शन ट्रेंड में है। तहिलियानी का कलेक्शन ब्रिटेन के कलाकार सिंह ट्विन्स की कलाकृतियों से प्रेरित है। वहीं शांतनु-निखिल के मेन्सवियर में बारीक डिटेलिंग, शार्प कट्स और नए ड्रेप्स के साथ हल्के रंगों का इस्तेमाल किया गया है। राठौर का हालिया कलेक्शन वर्तमान मौसम को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।

## फेस्टिव आउटफिट्स के साथ खूब जचेंगे लिपस्टिक



कई बार जल्दबाजी में तैयार होते समय हम अपने लिए लिपस्टिक के सही कलर नहीं चुन पाते हैं और इसी के कारण अपने लुक को बिगाड़ लेते हैं। तो कुछ ऐसे लिप शेड्स जिन्हें आप खास इस फेस्टिव सीजन के लिए कर सकती हैं ट्राई और लगा सकती हैं अपने लुक में चार चांद।

अगर आप बोल्ड कलर के शेड्स लगाना पसंद करती हैं तो रेड फैमिली शेड में से मैरून कलर को चुन सकती हैं। हालांकि मैरून कलर में भी कई शेड्स आपको मिल जाएंगे, लेकिन आप किसी भी कलर को चुनने से पहले अपनी स्किन टोन का खास ख्याल रखें। बाकी यह कलर लगभग हर स्किन टाइप पर खूबसूरत नजर आता है।

वहीं अगर आप मैट कलर से बोर हो गई हैं और ग्लॉसी लुक की तरफ जाना चाहती हैं तो इस तरह से किसी भी न्यूट्रल कलर की लिपस्टिक लगाकर होंठों पर ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप बेस मेकअप पर भी थोड़ा बहुत ध्यान जरूर दें।

आजकल ब्राउन कलर की लिपस्टिक को काफी पसंद किया जाने लगा है और यह कलर लगभग हर स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस कलर पैलेट में आपको न्यूड शेड्स से लेकर डार्क और बोल्ड लुक देने वाले भी ब्राउन कलर आसानी से मिल जाएंगे।

ब्लश पिंक लिपस्टिक कलर खासकर फेयर स्किन टोन पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस लिप कलर को आप हल्का-फुल्का बेस मेकअप करके ही होंठों पर लगाएं। ऐसा करने से आपका चेहरा बेहद खिला हुआ नजर आने लगेगा। साथ ही ब्लश के लिए भी आप ब्लश पिंक कलर को ही चुनें।

## जैकेट को इस तरह करेंगे स्टाइल तो आपका 'फैशन गेम' होगा परफेक्ट



जैकेट पहनना सबको ही पसंद होता है। इसलिए तो तकरीबन हर किसी के पास एक जैकेट होती ही है। आपके पास भी होगी। लेकिन इस जैकेट को पहनने के बाद आपका लुक भी परफेक्ट होता है क्या?





अगर नहीं तो कुछ खास ड्रेसिंग टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। ये वो टिप्स हैं जो जैकेट को स्टाइल करना सिखाएंगे। ये बताएंगे कि आप किन-किन तरीकों से जैकेट को बेहतर स्टाइल कर सकते हैं। इन टिप्स के साथ आपका फैशन गेम परफेक्ट होगा इस बात की गारंटी है-

वैसे एक्सपर्ट की मानें तो जैकेट हर ड्रेस के साथ अच्छी लगती ही है। बस शर्त इतनी है कि ड्रेस कैजुअल होनी चाहिए और ओवर साइज़ भी।

गर्मी के लिए जैकेट को स्टाइल करना है तो आपकी स्ट्राइप वाली शर्ट को लुक में शामिल कर लीजिए। इसके साथ आप कैजुअल और हॉलिडे मोड में आ जाएंगे। लेकिन इसके साथ नार्मल पैंट या जींस की जगह चीनोस पहनिए आपका लुक बेस्ट आएगा।

जब आपको स्मार्ट कैजुअल लुक चाहिए हो तो आप फॉर्मल पैंट के साथ जैकेट को मैच करें, लुक अच्छा दिखेगा।

जैकेट के साथ सफ़ेद टीशर्ट का कॉम्बो तो आपको पता ही होगा। इसे जरूर ट्राई करें बस लोअर में जींस न पहनकर ब्लैक पैंट ही पहनें। शॉर्ट के साथ भी डेनिम जैकेट पहनी जा सकती है। इसके लिए स्नीकर और प्रिंटेड शर्ट को इसका साथी बनाइए और देखिए, ये लुक कैसे दोस्तों के बीच आपको पॉपुलर कर देता है, देखिएगा।





## काली पड़ गई चांदी की पायल घर बैठे आसान तरीके से चमकाएं



कई बार चांदी की पायल इतनी ज्यादा काली पड़ जाती है कि आप इसे घर में साफ नहीं कर पाते। इसके लिए फिर आपको ज्वैलर्स के पास साफ करवाने के लिए ले जाना पड़ता है। लेकिन अब आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है।

अगर आप चांदी की पायल को फिर से बिल्कुल नए जैसा चाहती हैं, तो यह तरीका सबसे आसान है। सबसे पहले एक कटोरे में थोड़ा गर्म पानी लें, उसमें आपको कम से कम तीन चम्मच नमक मिलाना है। एक नींबू निचोड़ लें, फिर इसके बाद अब पायल को भी उस पानी में डाल दें। कुछ देर तक पानी में रखने के बाद फिर से पायल आप देखेंगे, तो यह एक दम नए जैसी चमकने लगेगी।

सिरके की मदद से भी चांदी की पायल को आसानी से साफ किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले आपको एक बर्तन में पानी गर्म करना है, फिर उसमें आपको 3 चम्मच सिरका मिलाना है। इसके साथ आपको बेकिंग सोडा का भी इस्तेमाल करना होगा, इसमें आप 2 चम्मच बेकिंग सोडा भी मिलाएं। अब चांदी के गहनों को इस घोल में 2-3 घंटे के लिए रहने देना हैं। फिर कुछ समय बाद आप इसे ठंडे पानी में डालकर निकालें और सूखने दें। इस तरह आपकी चांदी की पायल बिल्कुल नए जैसी चमक जाएगी।

## अगर आपको भी है टैटू से प्यार, तो आजमाइए एक बार



इन दिनों अपने शरीर पर टैटू बनवाने का चलन निकल पड़ा है। मोहित सूरी की 'एक विलेन रिटर्न्स' फिल्म में अर्जुन कपूर के लुक ने काफी ध्यान खींचा है। अर्जुन फिल्म में कई टैटू गुदवाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसने उनकी पर्सनैलिटी में इजाफा किया है।

अब अर्जुन ने सोशल मीडिया पर अपने टैटू वाले अवतार की एक झलक शेयर की है। इंस्टाग्राम पर अपने इस लेटेस्ट लुक की तस्वीरें शेयर करते हुए अर्जुन ने टैटू को लेकर अपने प्यार के बारे में भी बात की है।

तस्वीरों को शेयर करते हुए अर्जुन ने कैप्शन में टैटू को एक्सप्रेशन का तरीका बताया है। उन्होंने कहा, ₹यह अच्छा, सेक्सी और सुंदर है। मैं इसे पसंद करता हूं। मैं हमेशा से अपनी फिल्मों में टैटू बनवाना चाहता हूं और यह कोई रहस्य नहीं है कि मुझे टैटू से गहरा लगाव है। मेरे लिए, वे हमेशा व्यक्तिगत होते हैं। मैं हमेशा अच्छे डिजाइनों की तलाश में रहता हूं और लोगों से इस बारे में बात करता हूं कि मेरे लिए अगला डिजाइन क्या होगा।₹

'संदीप और पिंकी फरार' एक्टर ने इस बात पर भी जोर दिया कि वह 'एक विलेन रिटर्न्स' में कुछ जबरदस्त टैटू के साथ सामने अपने वाले हैं, जो फिल्म में उनके चरित्र और व्यक्तित्व को परिभाषित करते हैं।

टैटू के लिए अपने प्यार का इजहार करते हुए अर्जुन ने जोर देकर कहा, ₹टैटू बनवाना हर किसी के लिए एक अलग अर्थ रखता है, मेरे लिए, यह हमेशा अपनी आत्मा के एक हिस्से को अपने शरीर पर छापने के जैसा है।₹ जैसे ही अर्जुन ने इस पोस्ट को शेयर किया, उनकी लेडीलव मलाइका अरोड़ा सहित कई अन्य सेलेब्स और प्रशंसकों ने इस पर कमेंट करना शुरू कर दिया।

आपको बता दें कि वास्तविक जीवन में भी अर्जुन के शरीर पर तीन टैटू हैं। 'मां' शब्द अपनी मां के लिए उनके प्यार के निशान के रूप में उन्होंने अपने शरीर पर गुदवाया है। इसके अलावा एक लैटिन वाक्यांश 'पेर अरदुआ एड अस्त्रा', जिसका अर्थ है 'प्रतिकूलता से सितारों तक' भी उनके शरीर पर है।

इसके अलावा अपनी बहन अंशुला के नाम का पहला अक्षर 'ए' भी टैटू के रुप में उनके शरीर पर मौजूद है। अर्जुन ने जल्द ही अपना चौथा टैटू बनवाने के संकेत दिए हैं।

### कार्नर न्यूज

### वॉर्डरोब से भारी भरकम साड़ियों को निकालिए और बदल लीजिए अपना लुक

## त्यौहारों और शादी के सीजन में ट्राई करें सीधे पल्ले वाले खास लुक, लोगों की नजरें नहीं हटेंगी आप से

अभी त्यौहारी सीजन चल रहा है और इसके बाद शादी का सीजन शुरू होने वाला है ऐसे में आपने भी अपने वॉर्डरोब में से भारी भरकम साड़ियों को बाहर तो निकाल ही लिया होगा। लेकिन जब इन्हें पहनने की बात आती है तो हम हमेशा यही सोचते हैं कि इसे किस तरह से स्टाइल करें ताकि ये सुंदर लगे और हम भी अच्छे लगे। ऐसे में सबसे पहला ख्याल दिमाग में ये आता है कि इस बार सीधे पल्ले की साड़ी को ट्राई करें। जाहिर है यह ट्रेडिशनल साड़ी ड्रेपिंग स्टाइल है, जिसमें बहुत अच्छा लुक मिलता है। लेकिन इसे बांधना इतना आसान नहीं है। ऐसे में आप यहां बताए गए सिंपल स्टाइल में इसे वियर कर सकती हैं।



### साड़ी के पल्ले की प्लीट के साथ बांधे बनाएं पल्ला

अगर आपको अच्छे से सीधे पल्ले की साड़ी बांधना नहीं आता है तो ऐसे में आप सीधे पल्ले के लिए प्लीट वाला डिजाइन बना सकती हैं। ये काफी आसानी से बन जाता है और इसे वियर किया भी जा सकता है। इसे बांधने के लिए पहले आपको साड़ी के पल्ले को थोड़ा बड़ा लेना होगा। इसके लिए पहले आपको साड़ी की प्लीट बनानी है। उसे टक करने के बाद पल्ले की प्लीट बनानी है। फिर इन्हें अच्छे से सेट करना है। आप चाहे तो पिन की मदद से भी इसे सेट कर सकती हैं। इसके बाद कंधे की तरफ पिन लगाकर इसे अटैच कर लेना है। अब नीचे की प्लीट को अच्छे से सेट करना है। इस तरीके से आपके सीधे पल्ले की साड़ी बस 15 मिनट में बंध जाएगी। आप चाहे तो बेल्ट के साथ भी इसे अच्छे से सेट कर सकती हैं।

### मरमेड स्टाइल में बांधे सीधे पल्ले की साड़ी

आप चाहे तो शादी में मरमेड स्टाइल साड़ी बांध सकती हैं। इसके लिए आप डॉली जैन के बताए गए तरीके को फॉलो कर सकती हैं। इसमें उन्होंने बेहद (पेटीकोट चुनने का तरीका) कम और सुंदर तरीके से इस साड़ी को ड्रोप किया है। आपको इसके लिए पहले प्लीट के लिए साड़ी छोड़नी है। फिर पल्ले पर प्लीट बनाकर इसे आगे की तरफ पिन करना है। इसके बाद नीचे की प्लीट बनानी है और सेट करना है। अब पल्ले को उन्हें प्लीट के सामने से लेकर पीछे की तरफ सेट करना है। इस तरीके से आपकी मरमेड स्टाइल साड़ी बंधकर रेडी हो जाएगी। इसे वियर करके आप शादी में जा सकती हैं।

### फ्री पल्ला साड़ी

आप चाहे तो फ्री पल्ला साड़ी भी वियर कर सकती हैं। इस तरीके से साड़ी स्टाइल करने में भी काफी अच्छा लगता है। ये बांधने में (कांजीवरम साड़ी डिजाइन) काफी सिंपल है इसके लिए आपको सीधे पल्ले को फ्रि स्टाइल में पिन करना होगा। बस इस तरीके से ये बंधकर साड़ी रेडी हो जाएगी। जिसे आप शादी फंक्शन में वियर कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी को आप चाहे तो लहंगा स्टाइल में भी बांध सकती हैं।



सिटी स्पोर्ट्स

## तीरंदाजी में कौशल दिखाया राज्य भर के खिलाड़ियों ने



**रायपुर।** तीरंदाजी अकादमी ग्राउंड साइंस कॉलेज में एक दिवसीय 25वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार 15 अक्टूबर को किया गया। इस प्रतियोगिता में 22 जिले से 220 तीरंदाज कोच शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में पैरा तीरंदाज टोमन कुमार का शाल श्रीफल से और 50000 पचास हजार रु का नगद पुरस्कार चेक द्वारा छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संघ ने चेक प्रदान किया।

इस अवसर पर मंच में हीरा ग्रुप के डायरेक्टर सिद्धार्थ अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में पैरा इंटरनेशनल तीरंदाज टोमन कुमार ने कहा कि टूर्नामेंट में केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। इस अवसर पर हीरा ग्रुप के डायरेक्टर सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा यह मेरे सुखद अनुभव है और यह टूर्नामेंट देखकरभीमें अभिभूत हूं ,तीरंदाजी संघ को बधाई देता हूं ,और शानदार सिस्टोमैटिक आयोजन के लिए कैलाश मुरारका और उनकी टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर कैलाश मुरारका भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि इस प्रतियोगिता में विजेता तीरंदाज 45वीं राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता ईटानगर अरुणाचल प्रदेश में शामिल होंगे। आज की प्रतियोगिता में नेशनल गेम में मेडल लाने वाली तीरंदाज चांदनी साहू भी शामिल हुई। मुरारका ने विश्वास दिलाया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तीरंदाज मेडल लेंगे और पूरी प्रतियोगिता भजन टूर्नामेंट निशुल्क रखी गई थी। इस अवसर पर तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिह्न प्रदान किया एवं आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर तीरंदाजी के कोच उमेश बघेल, बिंदेश्वरी, दुर्गेश नंदिनी,अंकित मौर्य,ओम बघेल,मन्नू बिलासपुर से, बीजापुर से दुर्गेश दंतेवाड़ा से कलावती एवं प्रभु उपस्थित थे।

## सेक्टर टेटे में सेंट पेलोटी और धमतरी गर्ल्स टीम विजेता



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वाधान में शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वारा सप्रे स्कूल में सेक्टर टेबल टेनिस (म/पु) स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा के विजेताओं को डॉ तपेशचंद्र गुप्ता रिजनल एडिशनल डायरेक्टर एवं प्राचार्य छत्तीसगढ़ कॉलेज, डॉ अतुल शुक्ला रिटायर्ड क्रीड़ा अधिकारी, डॉ रामानंद यदु, डॉ प्रमोद मेने, डॉ रिंकू पांडे, आदर्श मिश्रा आब्जर्वर ने सम्मानित किया।

बॉयज टीम फायनल में सेंट विनसेंट पेलोटी कॉलेज की टीम ने साइंस कॉलेज रायपुर को 3-0 से हराकर लगातर दूसरे वर्ष यह ख़िताब जीता। इससे पूर्व पेलोटी कॉलेज ने सेमीफइनल में महाराजा अग्रसेन कॉलेज को 3-1 से, एवं साइंस कॉलेज ने शास आत्मानंद कॉलेज अटारी को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।गर्ल्स टीम इवेंट फाइनल में शास पीजी महा धमतरी ने संघर्ष पूर्ण फाइनल में शासकीय दू ब महिला महा रायपुर को 3-2 से हराकर फाइनल में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इससे पूर्व सेमीफाइनल में शास महा धमतरी ने प्रगति महाविद्यालय रायपुर को 3-0 से, एवं दू ब महिला महा ने विज्ञान महा रायपुर को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।। आयोजन सचिव एवं क्रीड़ा अधिकारी छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि इस अवसर पर रायपुर सेक्टर की बॉयज एवं गर्ल्स टीम भी घोषित की गयीं। बॉयज टीम में लोकेश, रामजी कुमार (सेंट पेलोटी), आयुष शर्मा (महंत कॉलेज), गजेंद्र सिंह चौहान (छ्ग महा रायपुर), एवं तिलेश्वर (युटीडी पं रविवि रायपुर) हैं। गर्ल्स टीम में जानवी एवं प्रियंका (शास महा धमतरी), जया साहू एवं रीमा दू ब महिला महा रायपुर है। यह टीम 8 नवंबर को रायपुर में होने वाली राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस अवसर पर सभी महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ देबाशीष हाजरा, प्रकाश चंद्रवंशी, गोपाल उरकुरकर, डॉ कर्मिष्ट शम्भरकर, प्यारेलाल साहू, असीम कादरी, मुकेश सिन्हा, मनोज, तुलाराम मंडले, ललित कुमार, अनुपम सिंह उपस्थित थे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे थे।

## राष्ट्रीय जूजित्सु प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने 12 पदक जीते



**रायपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित सीनियर राष्ट्रीय जूजित्सु प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से 40 खिलाड़ियों ने सीनियर/एडल्ट/मास्टर आयु वर्ग में हिस्सा लिया।।प्रदेश के खिलाड़ियों ने कुल 21 पदक जीते। जिसमे 5 स्वर्ण, 4 रजत एवं 12 कांस्य पदक शामिल है। इसमें रायपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण , 1 रजत एवं 4 ब्रॉन्ज़ सहित कुल 9 पदक प्राप्त किए। स्वर्ण पदक में 77 किग्रा में दीपशिखा तिवारी (फाइटिंग), 85 किग्रा में मनोज साहू (फाइटिंग), 85 किग्रा में मनोज साहू (कॉन्टैक्ट), 94 किग्रा में हर्ष वर्मा (फाइटिंग), रजत पदक 56 किग्रा में अजय साहू (फाइटिंग), कांस्य पदक 77 किग्रा में दीपशिखा तिवारी (कॉन्टैक्ट), 77 किग्रा में देवेश यदुवंशी (कॉन्टैक्ट), 56 किग्रा में अजय साहू (कॉन्टैक्ट), 46 किग्रा में डॉली नायक(कॉन्टैक्ट) शामिल हैं। जूजित्सु खेल में रायपुर के खिलाड़ियों द्वारा लगातार राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में पदक जीत रहे है । इस पदक विजेता में ऐसे 4 खिलाड़ी है जो विगत 3 वर्षों से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार पदक जीत रहे । जिसमे मनोज साहू, डॉली नायक, हर्ष वर्मा, दीपशिखा तिवारी शामिल है। यह सभी खिलाड़ी बालाजी जूजित्सु अकादमी में प्रशिक्षण लेते है। इनके प्रशिक्षक सूरज वर्मा का कहना है कि अगले वर्ष होने वाले एशियन खेल में यह खिलाड़ी चयन हो और भारत दल में पदक जीत कर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करे।

बारिश और ठंड के बीच ज्यादा परेशान करती हैं कुछ बीमारियां

# अक्टूबर में बदलते मौसम के माहौल में बढ़ सकती है माइग्रेन की समस्या, रहिए सचेत

अक्टूबर का महीना मौसम में बदलाव वाला माना जाता है, तापमान में गिरावट के साथ सुबह-शाम वातावरण में ठंडक शुरू होने लगती है। मौसम में हो रहा इस तरह का बदलाव सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकती है। इस मौसम में इंफ्लूएंजा जैसे वायरस के बढ़ने का साथ माइग्रेन की दिक्कत बढ़ने का खतरा हो सकता है। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती जाती है माइग्रेन का जोखिम और भी अधिक होता जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि माइग्रेन और ठंड के मौसम का आपस में क्या संबंध है?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसम में हो रहा बदलाव आपको बीमार कर सकता है। सर्दियों में सिरदर्द की समस्या काफी आम, कुछ लोगों में तापमान में गिरावट के साथ माइग्रेन की समस्या भी ट्रिगर हो सकती है। सर्दियों के दौरान माइग्रेन के मामले बढ़ जाते हैं लेकिन ऐसा क्यों है? और इसे किस प्रकार से कंट्रोल किया जा सकता है, आइए इस बारे में समझते हैं।

### माइग्रेन की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या रही है, उन्हें सर्दियों में इसका अधिक अनुभव हो सकता है। इस मौसम की कई स्थितियां



माइग्रेन के खतरे को बढ़ाने वाली मानी जाती हैं। मेयो क्लिनिक की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम संबंधी परिवर्तन माइग्रेन ट्रिगर करने वाले हो सकते हैं। इसके अलावा हवा में शुष्की, अत्यधिक ठंड जैसी स्थितियों के कारण आपको माइग्रेन बढ़ने का खतरा हो सकता है।

### धूप की कमी बढ़ा देती है जोखिम

सर्दी के दिनों में माइग्रेन के ट्रिगर होने का एक कारण इस मौसम में धूप की कमी को भी माना जाता है। धूप की कमी के कारण मस्तिष्क में सेरोटोनिन जैसे रसायनों में असंतुलन हो सकता है। ब्रेन कैमिकल्स का असंतुलन सिरदर्द और माइग्रेन के एपिसोड्स को बढ़ाने वाले माने जाते हैं।

इसके अलावा सूरज की रोशनी में कमी हमारे सर्कैडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक घड़ी को बाधित कर देती है जिसके परिणामस्वरूप नींद के पैटर्न में असंतुलन या नींद की कमी हो जाती है। नींद की समस्याओं को भी माइग्रेन को ट्रिगर करने वाला माना जाता है।



माइग्रेन को ट्रिगर करने वाली चीजों से बचाव

स्टैनफोर्ड मेडिसिन में न्यूरोलॉजी के क्लिनिकल एसोसिएट प्रोफेसर, नुशेन झांग कहते हैं, ₹ सर्दियों के दिनों में चिकित्सकीय रूप से हम जो दिलचस्प चीज देखते हैं उनमें से एक यह भी है कि इन दिनों में लोगों में माइग्रेन की आवृत्ति बढ़ जाती है। हमारे लाइफस्टाइल की कई गड़बड़ आदतों के कारण भी इस प्रकार के सिरदर्द



की समस्या अधिक हो सकती है।

शराब का सेवन, कैफीन का अधिक सेवन, तेज या चमकती रोशनी, तेज गंध (सुगंधित अगरबत्तिया जैसी),और कुछ खाद्य पदार्थ भी माइग्रेन के संभावित ट्रिगर हो सकते हैं।

### माइग्रेन से कैसे बचाव करें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के प्रति संवेदनशील लोगों को माइग्रेन होने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में सर्दियों में सिरदर्द, खासतौर पर माइग्रेन से बचाव के लिए प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। इसके लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें। दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करने से आपको लाभ मिल सकता है, व्यायाम करने से सेरोटोनिन का स्तर बढ़ता है जो इसके जोखिमों को कम कर सकता है। सर्दियों में सिर को अच्छे से कवर करें, इससे भी माइग्रेन से बचाव किया जा सकता है।

## कहीं आपका फ्रिज खराब तो नहीं हो रहा

कई बार फ्रिज सही होता है, लेकिन वो ठीक तरह से काम नहीं करता। अगर वक्त रहते इसके खराब होने की पहचान नहीं की गई, तो इसमें रखा सारा सामान खुद-ब-खुद खराब होने लग जाएगा। ऐसे में इसकी पहचान करें और अगर ठीक तरह से काम न करें, तो वक्त से पहले बदल लें।

### सही तरह से कूलिंग ना होना

फ्रिज का सबसे जरूरी काम होता है कूलिंग करना। सारा रखा हुआ सामान ठंडा होने लगता है। वहीं, अगर आपका रेफ्रिजरेटर ठीक से ठंडा नहीं कर पा रहा है, तो खराबी का एक संकेत हो सकता है। यह समस्या तब हो सकती है जब कूलिंग कॉइल्स में बर्फ जम जाती है या रेफ्रिजरेटर का थर्मोस्टेट सही ढंग से काम नहीं कर रहा होता। अगर बार-बार सामान खराब हो रहा है या फ्रिज का ठंडा नहीं हो रहा है, तो इसे एक बार चेक करवा लें।

### फ्रिज से आवाज आना

अगर आपका फ्रिज ठीक तरह से काम करता था, लेकिन फिलहाल आवाज करने लगा है तो थोड़ा संभल जाएं। ऐसा करना आपके फ्रिज के लिए ठीक नहीं है, इसे तुरंत दिखाएं। कई बार इसमें से तेज आवाजें आ रही हैं जैसे- खर्राटों, भिनभिनाने या क्लिक करने की आवाज, तो कंप्रेसर की मोटर खराब हो सकती है। वहीं, अगर इसके बाद भी आवाज सही नहीं हो पा रही हैं, तो बार-बार पैसा लगाने से अच्छा है नया फ्रिज खरीद लें।



### बर्फ न जमना

अगर फ्रिज में कूलिंग हो रही है, लेकिन फ्रीजर में बर्फ नहीं जम पा रही तो ऐसे में जरूरी है कि फ्रिज की सेटिंग करना। वैसे तो यह परेशानी डिफ्रॉस्ट सिस्टम में खराबी, डोर गैस्केट में दरार या थर्मोस्टेट के काम न करने की वजह से हो सकता है। वहीं, अगर फ्रीजर बार-बार डिफ्रॉस्ट करने के बावजूद बर्फ से भर जाता है, तो यह समय हो सकता है कि आप नए फ्रिज के बारे में सोचें। ऐसा तभी होता है जब फ्रीजर की मशीन खराब हो रही है या उसकी लाइफ पूरी हो चुकी है।

### लीकेज या पानी का जमना

अगर आपके रेफ्रिजरेटर के नीचे या अंदर पानी जमा हो रहा है, तो यह भी खराबी की पहचान है। इसमें फ्रिज के डिफ्रॉस्ट ड्रेन के ब्लॉक हो जाने, दरवाजे की सील के टूटने या पानी के पाइप में लीकेज की वजह हो सकती है। अगर बार-बार पानी जमा हो रहा है, तो इसे तुरंत ठीक करवाना जरूरी है।

## पूजा स्थल पर बनाने जा रहे हैं रंगोली, इन बातों को रखें ध्यान

रंगोली शब्द दो शब्दों 'रंग' और 'अवल्ली' से मिलकर बना है जिसका अर्थ है- रंगों की पंक्ति। वास्तु के अनुसार त्यौहारों में इसे घर में बनाना खुशियों का प्रतीक माना जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से जानते हैं, रंगोली बनाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### इन रंगों का चयन



रंगोली के लिए चुने गए रंग जीवंत और चमकदार होने चाहिए। जैसे कि लाल रंग माता का प्रतीक माना जाता है, नारंगी, पीला, और हरा, जो समृद्धि, विकास, और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक होता है। अक्सर लोग रंगोली का डिजाइन बनाने के लिए किसी भी तरह के रंगों का प्रयोग कर लेते हैं, जैसे लोगों को काला और भूरा रंग भी रंगोली बनाने में इस्तेमाल करते देखा गया है। यह रंग पूजा सामग्री में शुभ नहीं माना जाता।

### पारंपरिक रंगोली

आप पारंपरिक रंगोली का डिजाइन बना सकते हैं। एक समय था जब लोगों के पास रंग नहीं हुआ करते थे, तब लोग पत्तों और चावल की मदद से भी रंगोली बनाया करते थे। लेकिन अगर आपके पास रंग है, तो आप इनकी मदद से चावल और पान के पत्तों के साथ एक शुभ रंगोली बना सकते हैं। इस तरह के रंगोली डिजाइन माता रानी के साथ-साथ घर के लिए भी शुभ होते हैं।

### रंगोली को बनाने की दिशा

वास्तु के अनुसार, रंगोली को बनाने की दिशा भी जरूरी होती है। इसलिए लोगों को रंगोली बनाते हुए ध्यान रखना चाहिए कि इसका मुंह उत्तर, पूर्व, या उत्तर-पूर्व की दिशा में हो। क्योंकि ये दिशा को धन, स्वास्थ्य, और समृद्धि आने के लिए माना जाता है। आप इसमें शुभ प्रतीक के रूप में माने जाने वाले जैसे स्वस्तिक, कमल का फूल, और ओम के आकार के रंगोली डिजाइन बना सकते हैं। इस तरह के रंगोली डिजाइन को वास्तु के अनुसार शुभ माना जाता है।



## सपने में अलग-अलग भगवान दिखना है ख़ास संकेत, जानें इसका मतलब

ऐसे ही सपनों में से कुछ सपने हैं जिनमें आप ईश्वर के अलग रूपों को देखते हैं। दरअसल सपने में अलग भगवानों को देखना कुछ अलग संकेत हो सकता है। सपने में भगवान देखना और उन्हें नाराज या खुश होते देखना अलग तरह के संकेत देता है। आइए ज्योतिषाचार्य पं. विजयकांत भट्ट से जानें कि अगर आपको अलग भगवानों के सपने दिखाई देते हैं तो ये क्या संकेत हो सकते हैं और इससे आपके जीवन में क्या बदलाव हो सकते हैं।

### सपने में भगवान को देखने का मतलब

आपके सपनों में भगवान की उपस्थिति सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के संकेत दे सकता है। ऐसे किसी भी सपने का मतलब सपने की प्रकृति, सपने में भगवान के व्यवहार के साथ-साथ वह किस मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं, इस बात पर भी निर्भर करता है। कभी-कभी ऐसे सपनों का मतलब ये हो सकता है कि आपके जीवन में कुछ नए बदलाव हो सकते हैं जिससे आपके जीवन में बहुत से उतार-चढ़ाव



आ सकते हैं। ऐसे सपने इस बात की ओर भी इशारा करते हैं कि आपको आध्यात्मिकता की ओर बढ़ने की आवश्यकता है।

### सपने में माता दुर्गा को देखना

यदि आपको सपने में माता दुर्गा के दर्शन होते हैं तो समझें कि आपके जीवन के सभी कष्ट जल्द ही दूर होने वाले हैं और आपके बिगड़े काम भी बनने वाले हैं। ऐसे सपने इस बात का संकेत हो सकते हैं कि यदि आप किसी भी बड़े काम के लिए कदम उठा चुके हैं तो उसमें सफलता जरूर मिलेगी।

यदि आपको नवरात्रि के दौरान ऐसा कोई सपना आए तो ये आपके लिए बहुत ख़ास माना जाता है। यदि आप माता दुर्गा को सपने में नाराज अवस्था में देखती हैं तो ये इस बात की तरफ इशारा करता है कि आपके कोई बड़ी गलती हो गई है और आपको इसे सुधारने की आवश्यकता है। ऐसे में आपको इस बात का पूरा ध्यान रखने की जरूरत होती है कि कैसे गलतियों की सुधारा जाए और कैसे उससे बाहर निकला जाए।

### सपने में राम जी को देखना

यदि आप सपने में भगवान राम को देखती हैं तो आपको अपने कर्तव्यों को ठीक से निभाने की सलाह दी जाती है। ऐसा माना जाता है कि भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और उन्होंने किसी भी परिस्थिति में मर्यादा को नहीं छोड़ा और हर समस्याओं को सुलझाने का प्रयास किया।

यदि आपको श्री राम का सपना आता है तो ये आपको अनुभूति कराता है कि आपको भी अपनी हर एक जिम्मेदारी को बखूबी निभाने की जरूरत है और आपको अपने कर्तव्यों का भान होना चाहिए। ये सपना आपको श्री राम के सामान शक्ति प्रदान करने में मदद करता है।

### सपने में भगवान विष्णु को देखना

यदि आपको सपने में साक्षात श्री हरि यानी कि भगवान विष्णु के दर्शन होते हैं तो आपको अपने सभी कार्यों में सफलता मिल सकती है और आप उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं।



कार्नर न्यूज

पित्त दोष की अधिकता से होती है एसिडिटी, वक्त पर करें उपाय

# एसिडिटी दूर करने के लिए रोज सुबह खाली पेट पीजिए खास पानी, मिलेगी भरपूर राहत

पित्त दोष की अधिकता वाले लोग एसिडिटी और कब्ज से काफी परेशान रहते हैं। इसे दूर करने के लिए ठंडी तासीर वाली चीजें फायदेमंद होती हैं। पित्त की अधिकता होने पर खाना ठीक से नहीं पचता है। हेल्दी रहने के लिए सिर्फ खान-पान सही होना जरूरी नहीं है, बल्कि हम जो भी खाते हैं, उसका सही तरह से डाइजेस्ट होना भी जरूरी है। जब खाना सही से डाइजेस्ट नहीं होता है, तो शरीर को पूरी एनर्जी नहीं मिलती है, शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी होने लगती है। डाइजेशन सही न होने पर गैस, एसिडिटी और कब्ज हो जाती है। पित्त दोष की अधिकता वाले लोग एसिडिटी और कब्ज से काफी परेशान रहते हैं। इसे दूर करने के लिए ठंडी तासीर वाली चीजें फायदेमंद होती हैं। पित्त की अधिकता होने पर खाना ठीक से नहीं पचता है।

एसिडिटी दूर करने के लिए आपको रोज खाली पेट एक्सपर्ट का बताया यह पानी पीना चाहिए। इस बारे में आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स ब्रांड द कदंब ट्री की फाउंडर और डॉक्टर दीक्षा भावसार जानकारी दे रही हैं।

**एसिडिटी दूर करने के लिए काली किशमिश का पानी-**



एक्सपर्ट के मुताबिक, एसिडिटी दूर करने के लिए आपको रोज सुबह खाली पेट काली किशमिश का पानी पीना चाहिए। काली किशमिश का पानी एसिडिटी को कम करता है। किशमिश में एल्कलाइन गुण पाए जाते हैं। यह शरीर के पीएच लेवल को बैलेंस कर एसिडिटी को कंट्रोल करते हैं। किशमिश का पानी लिवर के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। यह लिवर को डिटॉक्स करता है। यह पित्त को कम करता है और इससे पेट का एसिड भी कम होता है। खून को साफ करने के लिए भी किशमिश का पानी कारगर है। काली किशमिश में फाइबर भी अधिक मात्रा में पाया जाता है। इसलिए, यह पेट साफ करने में मदद करता है। कब्ज होने पर अगर आप रोज सुबह इसे खाली पेट लेती हैं, तो कुछ ही दिनों में कब्ज से छुटकारा मिल सकता है। इसमें ग्लूकोज और फ्रक्टोज भी अधिक मात्रा में होते हैं। यह पेट को अधिक समय तक भरा हुआ रखते हैं और इससे वजन कम करने में मदद मिल सकती है।

### कैसे तैयार करें किशमिश का पानी?

10-15 काली किशमिश लें। इन्हें अच्छी तरह धो लें। अब इसे 1 गिलास पानी में रातभर भिगो दें। अगली



सुबह भीगे हुए किशमिश खा लें और इस पानी को पी लें। आपको कुछ ही दिनों में असर दिखने लगेगा।

### एसिडिटी के पीछे क्या कारण हो सकते हैं?

कैफीन, सोडा, ज्यादा फैट वाली और तली-भुनी चीजें, रूटीन का सेट न होना, शरीर में पित्त का बढ़ना, जैसे कारणों से एसिडिटी की समस्या हो सकती है।




# गुलाबी ठंड के बीच अलसुबह और शाम सेहत बनाने निकले लोग

## टाउनशिप व पटरीपार में अब तक नहीं बना सायकल ट्रैक, ट्रैफिक व आवारा मवेशियों से बढ़ा जोखिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर में ठंड के मौसम के दस्तक देते ही सड़कों पर सुबह शाम सेहतपसंद लोगों को वाकिंग करना भारी पड़ रहा है। सेहत बनाने के लिए बढ़ते ट्रैफिक के बीच सायकिलिंग करने का जोखिम बड़ता जा रहा है। इसकी वजह अब तक यहां सायकल ट्रैक निर्माण की योजना का ठंडे बस्ते में पड़ा होना है। नगर निगम भिलाई की उदासीनता का खामियाजा वाकिंग करने वालों और खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है।

गौरतलब हो कि वर्ष 2012-13 में नगर निगम द्वारा तत्कालीन महापौर निर्मला यादव के कार्यकाल में लोगों के सायकिलिंग करने के लिए शहर में मुख्य और सहायक मार्गों के किनारे सायक ट्रैक निर्माण किए जाने की योजना बनाई गई थी। पटरीपार के निगम क्षेत्र के साथ टाउनशिप में भी इस ट्रैक के निर्माण के लिए एनओसी के लिए बीएसपी को प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन दस साल से अधिक बीतने के बाद भी सायकल ट्रैक का निर्माण नगर निगम द्वारा किया गया है और न ही बीएसपी ने ही कोई जहमत उठाई है। इसके चलते शहर के हजारों खिलाड़ियों, सेहत पसंद लोगों और सुबह शाम वाकिंग व सायकिलिंग करने वालों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दस साल में टाउनशिप व पटरी पार दोनों ही क्षेत्रों में कई गुना ट्रैफिक बढ़ गया है। मुख्य मार्गों व सहायक सड़कों पर सायकिलिंग करना खतरनाक होता जा रहा है। वहीं वाकिंग के लिए कोई सुरक्षित या नियत जगह नहीं होने से कई लोग घर के आसपास ही व्यायाम कर रहे हैं। खिलाड़ियों व सायकिलिंग करने वालों ने बताया कि सड़कों में रफ्तार से दौड़ते वाहनों के साथ आवारा मवेशियों और कुत्तों से आए दिन सायकिलिंग करने वाले दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। अस्पतालों में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है।

### सुबह सड़कों पर स्कूली बसों व ड्यटी गाड़ियों का ट्रैफिक


उल्लेखनीय है कि ठंड के दस्तक देते ही टाउनशिप के साथ पटरीपार के क्षेत्र में भी अलसुबह और शाम सेहत बनाने के लिए वाकिंग के साथ सायकिलिंग करने वालों की संख्या बढ़ रही है। टाउनशिप में सेंट्रल एवेन्यू, फारेस्ट एवेन्यू, उतई रोड आदि के साथ भिलाई होटल मैदान और सेक्टरो के क्रास स्ट्रीट्स के साथ नेहरुनगर, स्मृति नगर आदि में लोगों को ट्रैफिक के बीच ही सड़कों पर सायकिलिंग करने मजबूर होना पड़ रहा है। सुबह स्कूली बसों और प्लांट व औद्योगिक क्षेत्र ड्यूटी जाने वाले लोगों की गाड़ियों की भीड़ दुर्घटनाजन्य होती है।



### फिट इंडिया के बीच साइकिलिंग क्लब से उम्मीद

उल्लेखनीय है कि इन दिनों टाउनशिप में खेल प्राधिकरण के फिट इंडिया के तहत सायकल रैली की धूम है। बीएसपी साइकिलिंग क्लब,साइकिलिंग एसोसिएशन आफ छग, सायकल पोलो क्लब और बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा पिछले 34 हफ्ते से फिट इंडिया संडे आन सायकिलिंग अभियान के तहत हर हफ्ते रविवार को सिविक सेंटर से सायकल रैली आयोजित की जाती है। इसमें शहर के खेल व सेहतप्रेमी खिलाड़ी, अधिकार आदि शामिल होते हैं। खिलाड़ियों ने बताया कि अनुकूल माहौल को देखते हुए इन संगठनों को विदेश व मेट्रोसिटी की तरह सायकल ट्रैक निर्माण कराने के लिए प्रयास करने की जरुरत है।

## खबर संक्षेप



### किताब को लेकर संगोष्ठी साहित्यकारों ने रखे विचार

**भिलाई।** किताब भारतीय ज्ञान परंपरा को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें साहित्यकारों ने अपने विचार रखे। आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने कहा कि अट्ठारह अध्याय और प्रायः पौने दौसो पृष्ठों की ये किताब, राष्ट्रीय शिक्षानीति-2020 पर केन्द्रित है। आचार्य प्रभुदयाल मिश्र ने प्रस्तुत की है। वे महर्षि अगस्त्य वैदिक संस्थान भोपाल के अध्यक्ष हैं। पं. मिश्र तुलसी मानस प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश भोपाल की पत्रिका तुलसी मानस भारती के प्रधान सम्पादक भी हैं। श्रीराम तिवारी, निदेशक,महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ उज्जैन ने असत्य से सत्य की ओर, अन्धकार से प्रकाश कीओर एवं मृत्यु से अमरता की ओर जाने को ही भारतीय ज्ञान परम्परा का सार माना है। वहीं सप्रे संग्रहालय भोपाल के संस्थापक - संयोजक पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर के अनुसार पुस्तक पाठकों को अस्मिता, अस्तित्व और आत्मबोध के अमृत सरोवर में अवगाहन करायेगी।

### जेएलएन अस्पताल टीम ने जीता गोल्ड क्वालिटी सर्कल कन्वेंशन में दिखी प्रतिभा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएन अस्पताल की टीम स्पर्श ने तिरुचिरापल्ली में आयोजित क्वालिटी सर्कल कन्वेंशन मदुरै चैप्टर में स्वर्ण पदक जीता है। आज अस्पताल में आयोजित समारोह मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी को स्वर्ण पदक ट्रॉफी टीम के सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में भेंट की। टीम में फैसिलिटेटर सहायक महाप्रबंधक बीआर ढोके, टीम लीडर लखन यादव तथा सदस्य वीपी कोलारे, मोहिंदर कुमार, श्रीधर जोशी और संतोष कुमार शामिल थे। टीम ने प्रतियोगिता में जेएलएन चिकित्सालय और अनुसंधान केंद्र में नेबुलाइज़र मशीन की बार-बार विफलता विषय पर एक प्रभावशाली केस स्टडी प्रस्तुत की। टीम ने रोगी देखभाल में निरंतरता बनाए रखने और परिचालन दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से नेबुलाइज़र उपकरण में आने वाली तकनीकी समस्याओं की पहचान और उनके स्थायी समाधान पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया।

## ठेका एजेंसी ने नहीं दिया एक माह का वेतन, प्रबंधन से चर्चा असफल

# वेतन नहीं मिलने से गुस्साए टाउनशिप के सफाई कामगार चार दिन से धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप के सफाई कामगारों को अब तक लंबित वेतन भुगतान नहीं होने से आक्रोश बढ़ रहा है। वहीं सीवेज सफाई की समस्या भी बड़ रही है। आंदोलित सफाई कामगारों ने प्रबंधन से जल्द वेतन भुगतान नहीं कराने पर आंदोलन बढ़ाने की चेतावनी दी है।

सेक्टर 7,8,9,10 में कार्यरत सीवरेज सफ़ाई कामगारों को सितंबर माह का वेतन भुगतान नहीं होने पर कामगार लोकतांत्रित इस्पात एवं मजदूर यूनियन के बैनर तले पिछले तीन दिन से नगर सेवायें विभाग का घेराव के गेट पर धरने पर बैठे हैं।

7,8,9,10 सीवरेज सफ़ाई का ठेका एमडीएस फैसिलिटी पुणे को 13 जनवरी 2025 से काम शुरू किया हैं ले कामगारों को गेट पास 29 मार्च 2025 से 9 मार्च 2026 तक का दिया गया हैं। एजेंसी द्वारा शुरुवात में नियत तारीख को वेतन भुगतान करती हैं लेकिन उसके बाद से कभी भी निर्धारित तारीख को वेतन भुगतान नहीं किया। लोईमू के संगठन सचिव जयप्रकाश नायर ने कहा कि दिवाली पर्व को देखते हुए सितंबर माह के वेतन के लिए कामगारों द्वारा एजेंसी से शनिवार को चर्चा की गई, तो एजेंसी ने बीएसपी प्रबंधन द्वारा पिछले 5 माह का बिल भुगतान नहीं किए जाने के कारण, सितंबर माह का वेतन एजेंसी द्वारा कामगारों को करने में असमर्थता जाहिर की । इससे आक्रोशित सफाई कामगारों ने सोमवार को से ही काम बंद कर नगर सेवायें विभाग का घेराव कर गेट के सामने ही धरने पर बैठ गए। कामगारों के आक्रोश को देखकर, पीएचई विभाग के उप महाप्रबंधक श्री चंद्राकर ने कामगारों के पास पहुंचकर चर्चा के लिए अपने चेंबर में बुलाया। कामगारों की ओर से तुकाराम देशलहरे , मोहित, रामनाथ और पुसव से चर्चा में शामिल हुए। कामगारों ने दो बिंदुओं पर अपनी बात रखी, जिसमें पूर्व के एजेंसी अमरनाथ द्विवेदी का बकाया बोनस का भुगतान, जिस पर श्री चंद्राकर द्वारा कामगारों को बताया गया कि, ठेकेदार अमरनाथ द्विवेदी द्वारा पीएफ का अंशदान जमा नहीं करने के कारण उनका बिल रोका गया था। एजेंसी ने वर्तमान मे पीएफ की राशि जमा कर दिया है, बहुत जल्द आप लोगों का अंतिम भुगतान और पिछले बोनस का भुगतान कर दिया जाएगा।

### जल्द मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी



### सफाई कामगारों ने एडवांस लेने से किया इनकार

वर्तमान मे एमडीएस एजेंसी द्वारा सितंबर माह के भुगतान में भी प्रबंधन द्वारा बिल रोके जाने की बात ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है, कामगारों ने कहा कि हमारे द्वारा पूरे माह काम किया जाता हैं तो वेतन भुगतान के समय इसका खामियाजा कामगार क्यों भुगतें।इस पर श्री चंद्राकर ने कहा कि, ठेकेदार से चर्चा हुई हैं दिवाली को देखते हुए, 2000 रुपये एडवांस देने की बात की जा रहीं हैं, जिसे कामगारों ने नकार दिया। उन्होंने ने स कहा है कि हम भूखे,और बिना दिया बाती के दिवाली मना लेंगे लेकिन, आधा अधूरा वेतन नहीं लेंगे। बीएसपी प्रबंधन ने सभी ठेकेदार को आदेश जारी किया है कि दिवाली पूर्व, सभी ठेका कार्मिकों को बोनस भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाय लेकिन यहां तो अधिकारी द्वारा ही ठेकेदार के पक्ष में कामगारों से एडवांस लेने को दबाव बनाया जा रहा है। कामगारों ने पूरे वेतन और बोनस भुगतान की मांग के साथ वापस चेंबर से निकल आए। नीचे आने पर नगर सेवायें विभाग के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता से गेट के पास ही चर्चा हुई।कामगारों ने अपने वेतन सम्बन्धित समस्या बताई, तो उन्होंने कहा कि, ठेकेदार से चर्चा कर दो दिन में वेतन भुगतान का आश्वासन देकर कामगारों को काम पर लौटने को कहा।

### फीकी रहेगी दिवाली

लेकिन कामगारों ने तय किया कि जब तक पूरा मासिक वेतन और बोनस का भुगतान एजेंसी नहीं करती टाउनशिप के सेक्टर 7,8,9,10 के आवासीय सीवरेज लाइन की सफ़ाई पूरी तरफ बंद रहेंगी। लोकतांत्रिक इस्पात एवं इंजिनियरिंग यूनियन की संगठन सचिव जय प्रकाश नायर ने बताया कि जब पूरे प्लांट में स्वच्छता अभियान जोरों पर हैं, वहीं दूसरी तरफ सीवरेज लाइन और गटर में उतर के सफ़ाई करने वाले अपने हक के लिए सडकों पर बैठे हैं। यूनियन ने चेताया है कि इस मामले को जल्द सुलझाने का कार्य सम्बन्धित विभाग करे। ऐसा नहीं करने पर आंदोलन किया जाएगा।

# रिसाली निगम के सात तालाबों में होगा गौरा विसर्जन और छठ पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली निगम के अंतर्गत सात तालाबों में गौरा -गौरी विसर्जन और छठ की पूजा होगी। इन पर्व को देखते हुए रिसाली निगम तालाबों की विशेष सफाई अभियान चला रही है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर त्यौहार को लेकर विशेष निर्देश दिए है। तालाबों की सफाई को लेकर 50 से भी अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया है। स्वयं आयुक्त मोनिका वर्मा इस अभियान की मानिटरिंग तालाबों में जाकर कर रही हैं। निगम आयुक्त वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि त्यौहार को ध्यान मे रखते हुए तालाबों की सफाई हर रोज किया जाए। लक्ष्मी पूजन के दिन गौरा-गौरी पूजा शुरू होगा। बाद में प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। पूजन सामाग्री निकालने का कार्य खत्म होते ही बड़ी संख्या में लोग छट पूजा करने तालाबों तक पहुंचेगे। आयुक्त ने कहा है कि पूजा अर्चना में साफ-सफाई व्यवधान न हो। जिन तालाबों में कमल ककड़ी और जल कुम्भी है उसे अधिक से अधिक निकालने का कार्य करे। वहीं स्वच्छता एजेंसी को संसाधन उपलब्ध कराने कहा है। आयुक्त गुरूवार को कल्याणी मंदिर और व्हीआईपी नगर तालाब का निरीक्षण की।

### सब इंजीनियर को दी सफाई की जिम्मेदारी

दीपावली और छठ पूजा को लेकर आयुक्त मोनिका ने सब इंजीनियरों को जिम्मेदारी दी है। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि जिस वार्ड में तालाब है उस वार्ड के सब इंजीनियर तालाब सफाई के प्रभारी होंगे। तालाबों में छठ पूजा के लिए वे अस्थाई घाट का निर्माण करेंगे।

- निगम आयुक्त मोनिका वर्मा करवा रही हैं तालाबों की विशेष साफ-सफाई

### लाइट लगाने बना गैंग

समीक्षा बैठक में आयुक्त ने कहा कि दीपावली के बाद मानव बल की कमी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए अधिकारी रोस्टर तैयार कर अभी से ड्यूटी लगाए। साथ ही प्रकाश व्यवस्था की विशेष ध्यान रखे।

### इन तालाबों की सफाई

हिंद नगर तालाब, कल्याणी मंदिर तालाब, मरोदा डेम, शिव तालाब, रूआबांधा तालाब, पुरैना तालाब, डुण्डेरा तालाब।

### जीएम पुष्पा को आइकॉनिक वीमेन इन लीडरशिप सम्मान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत महाप्रबंधक एवं डीएसओ पुष्पा एम्ब्रोस को हैदराबाद में ग्लोबल ट्रायम्फ फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक समारोह में आइकॉनिक वीमेन इन लीडरशिप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें इस्पात उद्योग में उनके नेतृत्व और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।श्रीमती एम्ब्रोस ने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी महिलाओं के समर्पण व दृढ़ संकल्प का प्रतीक है जो भारी उद्योगों जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत हैं। बीएसपी कार्मिकों ने भी उन्हें इस सम्मान के लिए बधाई दी है।

# सांसद खेल महोत्सव में ग्रामीणों ने दिखाई प्रतिभा





**भिलाई।** सांसद खेल महोत्सव 2025 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सांकरा में आयोजित किया गया। महोत्सव में ग्रामीणों ने पारंपरिक पांच खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में नीलम राजेश चंद्राकर जिला पंचायत सभापति दुर्ग, राजेश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि पाटन, कमलेश चंद्राकर मंडल अध्यक्ष अमलेश्वर थे। इस अवसर पर सरपंच रवि सिंगौर, सांसद प्रतिनिधि मनहरण सिंगौर, उपसरपंच रामशरण बंधे, तुलाराम सिंगौर पंच, महेन्द्र पारधी पंच, तिहारु बघेल, कामता सिंगौर, नागेश सिंगौर सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# भिलाई हर क्षेत्र में अग्रणी-चोखानी, निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा मेरा भिलाई मेरा अभिमान विषय पर आयोजित संयंत्र स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार को इस्पात भवन स्थित कार्यपालक निदेशक सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार चोखानी थे। इस अवसर पर विभाग प्रमुख एवं महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी व राजीव कुमार, प्रतियोगिता के निर्णायकग हरप्रीत सिंह और रूपम कुमार व बोन्या मुखर्जी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रशासनिक सहायक अंजनी कुमार द्विवेदी को प्रथम पुरस्कार, वरिष्ठ प्रबंधक राजेन्द्र कुमार साहू द्वितीय, व्याख्याता केदार नाथ सोनबेर को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया। श्री चोखानी ने कहा कि बीएसपी ने केवल उत्पादों का ही निर्माण नहीं किया, बल्कि राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खेल, कला, साहित्य, चिकित्सा, शिक्षा, समाज कल्याण, परिधीय विकास ऐसे अनेक क्षेत्र हैं, जिनमें भिलाई ने अपना सक्रिय योगदान दिया है।



### अतिथियों को किया पुस्तक भेंट

राजीव कुमार ने अतिथियों को पुस्तक भेंट कर स्वागत उदबोधन दिया। अमूल्य प्रियदर्शी ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने संयंत्र से जुड़ी अपनी भावनाओं, संस्मरणों और भावनात्मक जुड़ाव को लिपिबद्ध किया है। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्रतियोगिता का ब्यौरा दिया । कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

# बीएसपी में पारदर्शिता व ईमानदारी की दिलाई शपथ

- सामग्री प्रबंधन विभाग का विक्रेता मिलन समारोह

**भिलाई।** सतर्कता जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा सतर्कता विभाग के सहयोग से विक्रेताओं के लिए संवादात्मक मिलन समारोह का आयोजन इस्पात भवन में किया गया। आयोजन पारदर्शिता, ईमानदारी और नैतिक व्यावसायिक व्यवहार को सुदृढ़ करने की दिशा के पहल के तहत हुआ। सभी प्रतिभागियों द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती मुख्य अतिथि और सीजीएम सुनील सिंघल विशिष्ट अतिथि थे। सीजीएम केसी मिश्रा, एके मिश्रा व सतर्कता विभाग की ओर से जीएम संदीप गुप्ता, एजीएम हिमांशु दवे तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थित थे।

सुनील सिंघल ने भिलाई इस्पात संयंत्र में नैतिक प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए सतर्कता विभाग द्वारा अपनाई गई नई पहलों की जानकारी दी। सतर्कता जागरूकता गतिविधियों में सम्मिलित किया जा रहा है, जिससे सभी हितधारकों में पारदर्शिता और नैतिक आचरण के प्रति सजगता बढ़ेगी। इस अवसर पर सामग्री प्रबंधन विभाग की टीम द्वारा पारदर्शिता और नैतिक व्यवहार" विषय पर प्रस्तुति दी गई।

## निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने लिया जायजा और कमियों को पूरी करने दी हिदायत

# खुर्सीपार में उद्यानों, दुकानों और केनाल रोड की व्यवस्था सुधरेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-4 खुर्सीपार अंतर्गत साफ-सफाई व्यवस्था, उद्यान, दुकान, शौचालय सहित केनाल रोड का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने वार्ड 48 के शिव मंदिर के समीप उद्यान का निरीक्षण करते हुए झूला, मंच एवं प्रकाश व्यवस्था संधारण कराने सहायक अभियंता प्रिया करसे को निर्देशित किए। वार्ड के मोहल्लों एवं बैंक लाईन के साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया और प्रतिदिन कचरा उठवाने जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी को निर्देशित किए। मोहल्ले के सड़क किनारे पूर्व में पेवर ब्लाक लगाया गया है, जिसमें से कुछ पेवर ब्लाक बीच-बीच में उखड़ गया है, जिसका संधारण कराने कहा है। स्थानीय निवासी द्वारा नाली पानी के बहाव को लेकर विवाद होने से नाली को बाधित कर दिया गया था, नाली के उपर का अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया गया है। जिससे पानी का बहाव निरंतर हो सके। वार्ड में दुकान संचालकों को दुकान के सामने डस्टबिन रखने को कहा गया है। कुछ दुकानदारों द्वारा अपने दुकान के सामने डस्टबिन रखा गया है। केनाल रोड में दोसा सेंटर चलाया जा रहा है, जिसके पार्किंग एवं भीड़ से रोड एवं आवागमन बाधित हो रही है। सुगम व्यवस्था के लिए जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया है। केनाल रोड साइड घर में कोचिंग सेंटर चलाया जाता है, जिसमें लगभग 40 बच्चे पढ़ने आते है। पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है, मकान व्यवसायिक गतिविधि संचालित करने हेतु उचित नहीं है। उचित व्यवस्था बनाने हेतु कोचिंग संचालक को हिदायत दी गई।

### केनाल रोड सुलभ शौचालय में नल की टोटी चोरी

आयुक्त द्वारा केनाल रोड के समीप सुलभ शौचालय का अवलोकन किया गया। शौचालय में लगाए गए नल की टोटी का चोरी कर लिया गया था। चोरी के समान खरीदने वाले कबाड़ संचालकों के उपर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसके लिए जोन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चोरी का समान खरीदने वाले कबाड़ संचालको का पता लगाया जा रहा है। मौके पर शौचालय संचालित करने वाले समूह नहीं पाए गये, जिसको हटाने की कार्यवाही हेतु स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किए है।



### उद्यानों में जिम सामान गायब

केनाल रोड से लगा हुआ जोन 04 से निर्माणाधीन उद्यान का निरीक्षण किया गया। उद्यान के भीतर लगाए गए जिम सामग्रियो को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी के उद्देश्य से उखाड़ कर जमीन पर रख दिया गया था। जिसका संधारण कर शीध्र लगाए जाने सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया है। केनाल रोड के किनारे भारी वाहन चालकों द्वारा अपना वाहन खड़ा कर दिया गया है, जिसके कारण आवागमन में परेशानी आ रही थी। वाहन चालकों के उपर चालानी कार्यवाही करने सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को निर्देशित किया गया है।

